# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार
12 फरवरी 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 326 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579





## 'हम अभी एआई युग के शुरूआती दौर में, यही मानवता के मार्ग को आकार देगा'

### समिट में बोले प्रधानमंत्री मोदी

पेरिस । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई की वजह से नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एआई के लिए संचालन व्यवस्था और मानक स्थापित करने को लेकर सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि





एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। हम अभी एआई युग के शुरूआती दौर में ही हैं, जो मानवता के मार्ग को आकार देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें।' उन्होंने एआई की वजह से नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने और नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है।'

शेष पेज 2 पर

## 'संकट में केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का भविष्य', बृजभूषण शरण सिंह

नई दिल्ली। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी खत्म हो गई है। जिस तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवारों ने अधिकांश सीटों पर अपनी जमानत जब्त कर ली, उसी तरह आने वाले समय में आप के उम्मीदवारों की भी जमानत जब्त हो जाएगी और मुकाबला केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच होगा।

भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सोमवार को दावा किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार कभी भी गिर सकती है और अरविंद केजरीवाल फिर कभी चुनाव नहीं जीतेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के भविष्य में कोई चुनाव जीतने की संभावना नहीं है। सिंह की टिप्पणी आप की पंजाब इकाई के भीतर कथित आंतरिक असंतोष और उनके हालिया चुनावी संघर्षों के बीच आई है।

शेष पेज 2 पर

## सीएम योगी बोले: वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुंभ को लेकर कर रहे दुष्प्रचार

### 45 करोड़ लोग कर चुके स्नान

लखनऊ । सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं की आलोचना करने पर बिना नाम लिए विपक्षी पार्टियों पर हमला किया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय की सोच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही है। उन्होंने गरीबी उन्मूलन के खोखले नारों पर विपक्ष को घेरा साथ ही सीएम योगी ने महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर भी करारा प्रहार किया। सीएम योगी ने



कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं।

**मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया- सीएम योगी-** सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबी हटाने के बड़े-बड़े नारे दिए, लेकिन गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती रही। वहीं, मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने बताया कि अब तक 4 करोड़ गरीबों को मकान मिल चुके हैं, 12 करोड़ शौचालय बने हैं, 10 करोड़ लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला है और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

शेष पेज 2 पर

## जीएसटी के तहत औसत कर 15.8% से घटकर 11.3% हुआ, वित्त मंत्री ने राज्यसभा में दी जानकारी

नई दिल्ली। ऋ्रळः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) के तहत अप्रत्यक्ष कर इसके लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में काफी कम हुआ है। उन्होंने कहा पहले रोजमर्रा की वस्तुओं पर औसतन 15.8 प्रतिशत कर लगाया जाता था। अब जीएसटी के तहत दरों का औसत घटकर 11.3 प्रतिशत हो गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) के तहत अप्रत्यक्ष कर इसके लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में काफी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछली अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के तहत औसत कर 15.8 प्रतिशत था, जीएसटी के



तहत यह अब घटकर 11.3 प्रतिशत हो गया है। पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) के सांसद नदीमुल हक की ओर से उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए, वित्त मंत्री ने ने समय के साथ जीएसटी दरों में कमी की जानकारी दी।

शेष पेज 2 पर

## अब तक 45 करोड़ लोगों ने किया स्नान, माघ पूर्णिमा और शिवरात्रि पर टूट सकते हैं पिछले रिकॉर्ड

लखनऊ । प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अब तक 45 करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया है। अभी तो महत्वपूर्ण स्नान होने बाकी हैं।

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरूआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार



की सुबह 8 बजे ही महाकुम्भ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुम्भ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं और पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धा का जबरदस्त उत्साह लोगों को संगम तट तक खींच कर ला रहा है। मंगलवार, 11 फरवरी को सुबह आठ बजे तक 49.68 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे।

यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी।

शेष पेज 2 पर

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में आईईडी ब्लास्ट, घायल हुआ सीआरपीएफ का जवान



सुकमा। सुकमा में आईईडी हमला राज्य के बीजापुर के वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा 31 नक्सलियों को मार गिराने के कुछ दिनों बाद हुआ। मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि जिला बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के अंतर्गत जंगलों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में नक्सली मारे गए।

छत्तीसगढ़ के सुकमा में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, घटना दंतेवाड़ा जिले की सीमा से लगे जगरगुंडा थाना क्षेत्र के तहत अर्धसैनिक बल के एक शिविर के पास हुई। दंतेवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों की एक टीम 'क्षेत्र प्रभुत्व और तलाशी' अभियान पर निकली थी। उनकी वापसी के दौरान, सीआरपीएफ की 231वीं बटालियन के हेड-कांस्टेबल एमएन शुक्ला का कदम अनजाने में दबाव-सक्रिय आईईडी पर पड़ गया, जिससे विस्फोट हो गया।

शेष पेज 2 पर

## लॉटरी वितरक केंद्र को सेवा कर देने के लिए उत्तरदायी नहीं'

### कोर्ट में केंद्र की याचिका खारिज

नई दिल्ली । सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र की एक याचिका खारिज करते हुए कहा कि लॉटरी वितरक केंद्र सरकार को सेवा कर देने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन.के. सिंह की पीठ सिक्किम उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्र की अपील से सहमत नहीं हुई।

सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को लॉटरी वितरकों से सेवा कर वसूलने से जुड़ी केंद्र की एक याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि लॉटरी वितरक केंद्र सरकार को सेवा कर देने के लिए



उत्तरदायी नहीं हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ सिक्किम उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्र की अपील से सहमत नहीं हुई।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा, "चूंकि इस संबंध में कोई एजेंसी नहीं है, इसलिए प्रतिवादी (लॉटरी वितरक) सेवा कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं थे। हालांकि, प्रतिवादी संविधान की सूची क्क की प्रविष्टि 62 के तहत राज्य की ओर से लगाए गए जुआ कर का भुगतान करना जारी रखेंगे।

शेष पेज 2 पर

US-India Ties | ट्रंप कैबिनेट से मुलाकात

## जंगी वाहन-लड़ाकू विमानों पर बात, अमेरिका में पीएम मोदी का क्या एजेंडा?

नई दिल्ली। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे का क्या एजेंडा रहेगा? भारत के वे कौन से मुद्दे होंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के सामने उठाएंगे? इसके अलावा दोनों देशों के रिश्ते बढ़ाने के लिए कौन से समझौते हो सकते हैं? व्यापार के क्षेत्र में दोनों नेता क्या घोषणाएं कर सकते हैं? इसके अलावा पीएम मोदी अमेरिका में और किन-किन कार्यक्रमों का हिस्सा बन सकते हैं? आइये जानते हैं...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस में अपने कार्यक्रमों के बाद 12 और 13 फरवरी को अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री का यह दौरा अपने आप में काफी अहमियत रखता है। दरअसल, बीते दिनों में ट्रंप ने कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिनका




भारत पर प्रत्यक्ष या परोक्ष असर देखने को मिला है। इतना ही नहीं ट्रंप ने भारत से व्यापार और आव्रजन के मुद्दे पर भी कई बयान दिए हैं, जिनके गहरे मायने हैं।

इसके चलते पीएम मोदी का अमेरिका दौरा काफी महत्वपूर्ण हो गया है। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री अमेरिका में कई अहम चचाओं में शामिल रहेंगे। इसके अलावा वह अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के साथ दोस्ती बढ़ाने से इतर भारत को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर सीधी बात करेंगे।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर पीएम मोदी के अमेरिका दौरे का क्या एजेंडा रहेगा? भारत के वे कौन से मुद्दे होंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के सामने उठाएंगे? इसके अलावा दोनों देशों के रिश्ते बढ़ाने के लिए कौन से समझौते हो सकते हैं? व्यापार के क्षेत्र में दोनों नेता क्या घोषणाएं कर सकते हैं? इसके अलावा पीएम मोदी अमेरिका में और किन-किन कार्यक्रमों का हिस्सा बन सकते हैं? आइये जानते हैं...

**अमेरिका दौरे पर क्या रहेगा प्रधानमंत्री मोदी का एजेंडा?**

पीएम मोदी जब अमेरिका पहुंच कर डोनाल्ड ट्रंप से मिलेंगे, तो वह नए राष्ट्रपति से मिलने वाले दुनिया के महज तीसरे नेता होंगे। मोदी से पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और जापान के शिगेरु इशिबा का ही ट्रंप ने व्हाइट हाउस में स्वागत किया था। ट्रंप के शपथग्रहण के एक महीने के अंदर ही भारत-अमेरिका के शीर्ष नेताओं की मुलाकात दोनों देशों के रिश्तों की अहमियत भी दशार्ती है।

# खेल महारण 2.0 के तहत तैराकी क्षेत्रीय स्तर प्रतियोगिता गुवाहाटी के डॉ. जाकिर हुसैन एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स में संपन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असम :** असम सरकार द्वारा आयोजित ₹खेल महारण 2.0₹ के तहत, जोन क्ष के लिए क्षेत्रीय स्तर की तैराकी प्रतियोगिता आज गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम के डॉ. जाकिर हुसैन एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में असम के कामरूप मेट्रोपॉलिटन, नगांव, मोरीगांव, पश्चिम कार्बी आंगलोंग और होजाइ जिलों के कुल 55 तैराकों ने 16 विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 11 बजे भारतीय तैराकी महासंघ (रत्रक्क) के उपाध्यक्ष एवं असम तैराकी संघ के महासचिव भास्कर रंजन दास ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा जल क्रीड़ा को प्राथमिकता देने की सराहना की और आशा जताई कि ₹खेल



महारण₹ ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी हुई प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले के अतिरिक्त आयुक्त कचिओ करन पेंगू ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया, जबकि जिला खेल अधिकारियों ने असम में जल क्रीड़ा के क्षेत्र में योगदान देने वाले कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। सम्मानित व्यक्तियों में भास्कर रंजन दास (उपाध्यक्ष, रत्रक्क एवं महासचिव, असम तैराकी संघ), नवज्योति गोगोई (महासचिव, सदौ कामरूप जिला तैराकी संघ), मुकुटेश्वर गोस्वामी (प्रचार सचिव, असम तैराकी संघ एवं महासचिव, कामरूप जिला तैराकी संघ, गुवाहाटी) और पूर्व राष्ट्रीय तैराक रोहित भट्टाचार्य शामिल थे। प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग के लिए 50 मीटर और 100 मीटर फ्रीस्टाइल एवं बैकस्ट्रोक स्पधाएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिता का संचालन बाबुल गुरंग की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को कामरूप मेट्रो जिला आयुक्त सुमीत सातवानी और जिला खेल अधिकारी पुष्पेंदु दास द्वारा सम्मानित किया गया। विजेता तैराकों का चयन ₹खेल महारण 2.0₹ की आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

# मेट्रो में आसाराम के विज्ञापन पर भड़के यात्री, वायरल तस्वीरों पर DMRC ने लिया एक्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। लोगों ने एक्स पर नाराजगी जताते हुए मेट्रो पर कई सवाल उठाए। एक व्यक्ति ने मेट्रो को टैग करते हुए एक्स पर लिखा कि दिल्ली में महिला सुरक्षा की खराब स्थिति के बावजूद दुष्कर्म के एक दोषी के विज्ञापन मेट्रो में लगाए जा रहे हैं।

दिल्ली मेट्रो और स्टेशनों पर दुष्कर्म के दोषी आसाराम का विज्ञापन लगे होने पर यात्री भड़क गए। यात्रियों की नाराजगी से मेट्रो ने विज्ञापन को हटाने शुरू कर दिए हैं।

मेट्रो में लगे विज्ञापन के होर्डिंग पर आसाराम की



मुस्कुराते हुए तस्वीर है। इसमें 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की अपील की गई। साथ ही विज्ञापन पर सबसे ऊपर शीर्षक में आसाराम को पूज्य बताया गया है।

ऐसे में लोगों ने एक्स पर नाराजगी जताते हुए मेट्रो पर कई सवाल उठाए। एक व्यक्ति ने मेट्रो को टैग करते हुए एक्स पर लिखा कि दिल्ली में महिला सुरक्षा की खराब स्थिति के बावजूद दुष्कर्म के एक दोषी के विज्ञापन मेट्रो में लगाए जा रहे हैं। दिल्ली मेट्रो ने कहा है कि मामले में संज्ञान में लेते हुए विज्ञापन को तुरंत हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पेज एक का शेष...

का

### 'हम अभी एआई युग के शुरूआती दौर में, यही मानवता के मार्ग को आकार देगा'

**राष्ट्रपति मैक्रों को दिया धन्यवाद-** अक एक्शन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा, 'मैं एक सरल प्रयोग से शुरू करता हूं।

यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई एप पर अपलोड करते हैं तो यह सरल भाषा में बता सकता है कि इसका क्या मतलब है, लेकिन यदि आप उसी एप से किसी व्यक्ति की बाएं हाथ से लिखने की छवि बनाने के लिए कहते हैं तो सबसे अधिक संभावना है कि एप किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा, क्योंकि प्रशिक्षण डेटा में यही बात हावी है।'

उन्होंने आगे कहा, 'यह दशार्ता है कि अक की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है, इसमें कई पूर्वाग्रह हैं जिनके बारे में हमें सावधानी से सोचने की आवश्यकता है। इसीलिए मैं अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों का इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने तथा मुझे इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित करने के लिए आभारी हूं।'

'साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए'-प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए, जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें पक्षपात रहित गुणवत्तापूर्ण डेटा सेंटर बनाने चाहिए, हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और लोगों को केंद्रित करने वाले एप्लिकेशन बनाने चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में निहित हो ताकि यह प्रभावी और उपयोगी हो।'

### सीएम योगी बोलेः वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुंभ को लेकर कर रहे दुष्प्रचार

ये सभी योजनाएं अंत्योदय के मंत्र को साकार कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष द्वारा महाकुंभ को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है, जो एक ऐतिहासिक घटना है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बाद दुनिया के किसी देश की आबादी 45 करोड़ नहीं है, एक अस्थाई शहर में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आकर डुबकी लगाए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे वीआईपी स्नान से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि महाकुम्भ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं। लेकिन ये नकारात्मकता फैलाने वाले कौन लोग हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने जीवन भर सरकार की वीवीआईपी ट्रीटमेंट लिया है और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक रास्ता खोलने का प्रयास किया था। ये वही लोग हैं जो नकारात्मकता पैदा करके भारत और सनातन के विरोध में सदैव खड़े रहते हैं और दुष्प्रचार करने में मशगूल रहते हैं।

विकास कार्यों पर विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को सीएम योगी ने दिखाया आईना- सीएम योगी ने विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने वाले लोगों पर भी तंज कसते हुए कहा कि जब भी कोई नई योजना शुरू होती है, तो कुछ लोगों को केवल कमियां निकालने की आदत होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ह्यजब पाइपलाइन बिछाई जाती है, तो सड़कें खुदाई के कारण खराब हो जाती हैं, लेकिन जब वह कार्य पूरा होता है, तो लोगों को सुविधा मिलती है ह्व उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब हम 4 करोड़ लोगों को आवास देते हैं तो वे कहते हैं कि अभी बहुत लोग बाकी हैं उनको बताना चाहता हूं कि 3 करोड़ आवास और स्वीकृत किए जा चुके हैं। जो लोग पहले केवल वीआईपी सुविधाएं भोगते थे, वही आज आम जनता को मिल रही सुविधाओं पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें सिर्फ गरीबी हटाने के नारे देती रहीं, लेकिन हकीकत में गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से गरीबी उन्मूलन का वास्तविक कार्य किया।

### अब तक 45 करोड़ लोगों ने किया स्नान, माघ पूर्णिमा और शिवरात्रि पर टूट सकते हैं पिछले रिकॉर्ड

माघ पूर्णिमा से पहले भी प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं।

ये प्रमुख लोग अब तक लगा चुके हैं पावन डुबकी- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई थी, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (मंत्रिमंडल समेत) भी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य सभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, हेमा मालिनी, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री, अनुपम खेर, मिलिंद सोमण, ओलम्पिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, एक्ट्रेस से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी, प्रख्यात कवि कुमार विश्वास, क्रिकेटर सुरेश रैना, अन्तरराष्ट्रीय रेसलर खली, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद भी संगम में स्नान कर चुके हैं।

### जंगी वाहन-लड़ाकू विमानों पर बात, अमेरिका में पीएम मोदी का क्या एजेंडा?

बताया जा रहा है कि पीएम मोदी से मुलाकात के बाद ट्रंप उन्हें कैबिनेट के सदस्यों से भी मिलवाएंगे। इसके अलावा अरबपति कारोबारी और ट्रंप के करीबी एलन मस्क भी पीएम मोदी से मिल सकते हैं। इस दौरान दोनों के बीच टेस्ला, स्टारलिंक और अन्य कंपनियों के कारोबार को भारत लाने पर बात हो सकती है। ट्रंप और मोदी मुलाकात के दौरान बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की सरकार और क्षेत्र में अमेरिकी हितों पर भी चर्चा कर सकते हैं।

एजेंडे में ये बातें होंगी शामिल

1. व्यापार रिश्ते-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच चर्चा का सबसे बड़ा विषय व्यापार का मुद्दा रहेगा। दरअसल, बीते कुछ महीनों में ट्रंप कई बार भारत को टैरिफ के मामले में घेर चुके हैं। इतना ही नहीं इस दौरान उन्होंने 'बराबरी के व्यापार' की बात कही और ऐसा न करने पर आयात शुल्क लगाने की धमकियां भी दी हैं।

गौरतलब है कि ट्रंप ने जब पहली बार तीन देशों- मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने का एलान किया था, तब से ही भारत में भी उनके रुख को लेकर आशंकाएं लगाई जा रही हैं। इनमें से दो देशों को तो ट्रंप के फैसले से छूट मिल गई, लेकिन चीन को टैरिफ के जाल से मुक्ति नहीं मिली है।

माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक में ट्रंप भारत पर अमेरिकी निर्यात से अतिरिक्त आयात शुल्क को लेकर दबाव बना सकते हैं। खासकर अमेरिका से मोटरसाइकिल और अन्य लग्जरी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वे भारत से टैरिफ को कम करने के लिए कह सकते हैं।

ट्रंप की धमकियों के बीच भारत ने पहले ही आयात होने वाली भारी बाइक्स (1600 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों) पर टैरिफ को 50 फीसदी से घटाकर 30 फीसदी कर लिया है। वहीं, छोटे इंजन वाली बाइक्स पर यह टैरिफ घटाकर 40% किया गया है।

2. रक्षा सहयोग-रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिकी राष्ट्रपति रक्षा सहयोग को लेकर भी पीएम मोदी से बात करेंगे। जहां पीएम मोदी इस मुलाकात में अमेरिका से युद्धक वाहनों और लड़ाकू विमानों के इंजन को खरीदने का समझौता फाइनल करेंगे तो वहीं ट्रंप उन्हें ज्यादा से ज्यादा अमेरिकी रक्षा सामग्री खरीदने के लिए कहेंगे। ट्रंप ने पिछले महीने ही भारत से ज्यादा से ज्यादा अमेरिकी सुरक्षा उपकरण खरीदने के लिए कहा था। इसके जरिए ट्रंप व्यापार में संतुलन बनाना चाहते हैं।

3. तकनीक और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जाने से पहले फ्रांस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर एक समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों उनके साथ होंगे। साथ ही इसमें अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस, चीन के उप प्रधानमंत्री झांग गुओकिंग और ओपनएआई, गूगल जैसी कंपनी के सीईओ हिस्सा लेंगे।

माना जा रहा है कि पीएम मोदी यहां तय हुए रोडमैप को लेकर आगे अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सरकार से भी बात करेंगे और अमेरका-भारत के सहयोग को इस क्षेत्र में भी आगे ले जाने की दिशा में काम करेंगे।

ऊर्जा पर समझौता-अमेरिकी राष्ट्रपति ने कुछ ही दिन पहले ड्रिल बेबी ड्रिल नीति का एलान किया था। इसके तहत अमेरिकी सरकार अब देश में ही तेल के उत्पादन पर जोर देगी। ट्रंप ने खुद कहा था कि अमेरिका अब जल्द ही तेल और गैसों के अहम निर्यातकों में से होगा। ऐसे में भारत, जो कि अब तक अमेरिकी तेल का बड़ा खरीदार नहीं रहा है, आगे तेल खरीदने के समझौते पर भी चर्चा में शामिल हो सकता है।

4. आव्रजन और वीजा नीतियां

एच1बी वीजा नीति-पीएम मोदी डोनाल्ड ट्रंप से एच1बी वीजा की संख्या बढ़ाने को लेकर बात करेंगे। दरअसल, आव्रजन बंद करने को लेकर ट्रंप समर्थकों ने कई भड़काऊ बयान दिए हैं। इसके बाद से ही यह डर जताया जा रहा है कि अमेरिकी सरकार एच-1बी वीजा की संख्या घटा सकती है। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से दावा किया है कि ट्रंप आव्रजन के मुद्दे पर सख्ती के बावजूद कौशल वाले कर्मियों को देश में और मौके देना चाहते हैं। इसके चलते वे एच-1बी वीजा के जरिए लोगों के आने का समर्थन भी कर चुके हैं। इस वीजा की मांग भारत के टेक क्षेत्र में काफी ज्यादा है। ऐसे में मोदी एच-1बी वीजा की संख्या को बढ़ाने का मुद्दा उठाएंगे।

आव्रजन और निर्वासन का मुद्दा-भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों के निर्वासन का मुद्दा उठा सकते हैं। दरअसल, ट्रंप की आव्रजन नीति के तहत अमेरिकी सुरक्षाबल अब अवैध प्रवासियों को निर्वासित कर अपने देश वापस भेज रहे हैं। इस नीति के तहत ही करीब अमेरिका करीब 18,000 लोगों को वापस भारत भेजने की तैयारी में है। पिछले हफ्ते ही अमेरिका का एक विमान 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा था। इस सैन्य विमान से जब भारतीय बाहर आए थे, तो उनके हाथ-पैरों में जंजीर बंधी हुई थी।

इन दृश्यों को लेकर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को संसद तक में जवाब देना पड़ गया था। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर अमेरिकी सरकार से बातचीत जारी है और डिपोर्ट किए गए लोगों से किसी तरह के दुर्व्यवहार न किए जाने की बात सुनिश्चित करने को कहा गया है। भारत सरकार के डाटा के मुताबिक, बीते 16 वर्षों में 15 हजार भारतीयों को डिपोर्ट किया जा चुका है। हालांकि, ट्रंप के आने के बाद से इस संख्या में बड़ा बदलाव आने के आसार हैं। माना जा रहा है कि पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति से चर्चा के दौरान भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार और उन्हें वापस भेजने में एहतियात का मुद्दा उठाएंगे।

5. चीन और ब्रिक्स-भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच चर्चा में चीन का मुद्दा उठना तय है। दरअसल, एशियाई क्षेत्र और ताइवान में चीन के बढ़ते वर्चस्व ने अमेरिका की चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसके अलावा नौसैन्य क्षेत्र में भी चीन ने तेजी से अपनी क्षमताओं को मजबूत किया है। ऐसे में अमेरिका हिंद प्रशांत नीति के तहत भारत के साथ सहयोग बढ़ाने पर बात कर सकता है। रक्षा और विदेश नीति में दोनों देशों के नेताओं के बीच समझौते चीन को ध्यान में रखते हुए होंगे।

इसके अलावा पीएम मोदी और ट्रंप के बीच ब्रिक्स गठबंधन को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। ट्रंप ब्रिक्स में शामिल देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने की धमकी दे चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का मानना है कि ब्रिक्स देश अपनी अलग मुद्रा लाकर डॉलर के वर्चस्व को खत्म करना चाहते हैं। इसी के चलते वे ब्रिक्स देशों के व्यापार को ठप करने के लिए टैरिफ लगाने की धमकी देते रहे हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप और मोदी के बीच इस विषय पर चर्चा हो सकती है।

### जीएसटी के तहत औसत कर 15.8% से घटकर 11.3% हुआ, वित्त मंत्री ने राज्यसभा में दी जानकारी

वित्त मंत्री ने कहा, "पहले रोजमर्रा की वस्तुओं पर 15.8 प्रतिशत कर लगाया जाता था। अब जीएसटी के तहत दरें घटकर 11.3 प्रतिशत हो गई है।" सीतारमण ने कहा कि जीएसटी के तहत एक भी वस्तु पर कर नहीं बढ़ा है, बल्कि कई वस्तुओं पर कर कम हुआ है।

सत्र के दौरान सांसद हक ने यह भी पूछा कि क्या सरकार आयकर में किए गए सुधारों के समान कर स्लैब की संख्या को कम करके जीएसटी संरचना को सरल बनाने की योजना बना रही है। जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 279ए के तहत स्थापित जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक मजबूत उदाहरण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीएसटी से संबंधित सभी निर्णय जीएसटी परिषद की ओर से लिए जाते हैं, जिसका प्रतिनिधित्व सभी राज्यों के वित्त मंत्री करते हैं।

### 'संकट में केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का भविष्य', बृजभूषण शरण सिंह

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी खत्म हो गई है। जिस तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवारों ने अधिकांश सीटों पर अपनी जमानत जब्त कर ली, उसी तरह आने वाले समय में आप के उम्मीदवारों की भी जमानत जब्त हो जाएगी और मुकाबला केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच होगा। उन्होंने कहा, "मैं भविष्यवाणी नहीं करता, लेकिन आज मैं कह रहा हूं कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का भविष्य संकट में है। पंजाब में आप सरकार कभी भी गिर सकती है।"

उन्होंने भविष्यवाणी की कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार और पार्टी की पंजाब इकाई में आंतरिक असंतोष की बढ़ती अटकलों के बाद, आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल फिर कभी कोई चुनाव नहीं जीतेंगे। कई संतों द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाजपा पर "हिंदू नहीं" वाले तंज की निंदा करने और उनसे माफी की मांग करने पर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि ये राजनीतिक मुद्दे हैं और संतों ने अपनी राय दी। मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा।

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने यह भी कहा कि राहुल गांधी को लगातार हार सामना करना पड़ रहा है। मुझे उम्मीद थी कि दिल्ली चुनाव में वोट प्रतिशत (कांग्रेस का) बढ़ेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राहुल गांधी के सलाहकार गलत विचारधारा पर चलते हैं।

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में आईईडी ब्लास्ट, घायल हुआ सीआरपीएफ का जवान

पुलिस अधिकारी ने कहा, उन्हें प्रारंभिक उपचार दिया गया और रायपुर ले जाया गया।

सुकमा में आईईडी हमला राज्य के बीजापुर के वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा 31 नक्सलियों को मार गिराने के कुछ दिनों बाद हुआ। मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि जिला बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के अंतर्गत जंगलों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में नक्सली मारे गए। बीजापुर जिले के इंद्रावती नेशनल पार्क के जंगल में रविवार सुबह मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ के दौरान ड्यूटी के दौरान दो जवान भी शहीद हो गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ तब हुई जब विभिन्न सुरक्षा बलों के जवानों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. इस ऑपरेशन में 31 नक्सली मारे गए और भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद हुए। आज हमने मानव विरोधी नक्सलवाद को खत्म करने के प्रयास में अपने दो वीर जवानों को खो दिया है। यह देश इन वीरों का सदैव ऋणी रहेगा। मैं शहीद जवानों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

### लॉटरी वितरक केंद्र को सेवा कर देने के लिए उत्तरदायी नहीं'

पीठ ने कहा, लॉटरी टिकट के खरीदार और फर्म के बीच हुए लेन-देन पर सेवा कर नहीं लगाया जाता है... उपरोक्त चचाओं के मद्देनजर, हमें भारत संघ और अन्य द्वारा दायर अपीलों में कोई योग्यता नहीं दिखती। इसलिए, इन अपीलों को खारिज किया जाता है।"

सिक्किम उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल राज्य सरकार ही लॉटरी पर कर लगा सकती है, केंद्र नहीं। केंद्र ने तर्क दिया था कि वह सेवा कर लगाने का हकदार है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय का यह कहना सही था कि लॉटरी "सट्टेबाजी और जुआ" की श्रेणी में आती है, जो संविधान की राज्य सूची की प्रविष्टि 62 का हिस्सा है और केवल राज्य ही इस पर कर लगा सकता है। केंद्र ने 2013 में शीर्ष अदालत का रुख किया था। उच्च न्यायालय का फैसला लॉटरी फर्म फ्यूचर गेमिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर याचिका पर आया था।

# रायन इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद में इंटर रायन रीजनल एथेलिटक मीट 2024-25 आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। रायन इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा 11-13 फरवरी को छत्रसाल स्टेडियम नई दिल्ली में इंटर रायन रीजनल एथेलिटक मीट'- 2024-25 का आयोजन बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास से किया गया। रायन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक डॉ.ए.एफ. पिंटो, प्रबंधन निर्देशिका डॉ. ग्रेस पिंटो का मुख्य उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देना है। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस तीन दिवसीय भव्य खेल महोत्सव के पहले दिन 11 फरवरी को विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित गणमान्य अतिथिगण विजय गोयल (पूर्व राज्य खेल एवं युवा मंत्रालय), सुनीता कांगरा (पूर्व मेयर म्युनिसिपल कार्पोरेशन साउथ दिल्ली, स्टेट सेक्रेटरी, बीजेपी दिल्ली), कैप्टन अखिलेश सक्सेना (कारगिल युद्ध हीरो) के साथ मोटीवेशनल वक्ता एवं बेस्ट प्रिंसिपल राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित ऋचा सूद, फाउंडर



प्रधानाचार्या देहरादून पब्लिक स्कूल, गोविन्दपुरम, रघुनंदन शर्मा व स्पोर्ट्स कोच सभी इस भव्य आयोजन में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना, स्वागत भाषण (हिन्दी-अंग्रेजी) से हुआ। खेल महोत्सव के इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय गोयल द्वारा अन्य अतिथि गण की उपस्थिति में रंगीन गुब्बारों एवं शांति का संदेश प्रतीक स्वरूप सफेद कबूतरों को आकाश में उड़ा कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खेल महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा की गई। इस खेल महोत्सव में रायन फरीदाबाद, रायन गाजियाबाद, रायन मयूर विहार, रायन नोयडा, नोयडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा, रायन गुरुग्राम, रायन रोहिणी, रायन वसंत कुंज के छात्रों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी विद्यालय के खिलाड़ी कप्तानो द्वारा अपने-अपने विद्यालय के ध्वज के साथ मार्च पास्ट टुकड़ी का नेतृत्व किया गया एवं शपथ ग्रहण समारोह के अंतर्गत खिलाड़ियों द्वारा खेलों की गरिमा को बनाये रखने की शपथ ली गई। प्रथम दिन की खेल स्पधाओं में मुख्य रूप से छात्राओं के विभिन्न आयु वर्ग 18, 16,14,12,10 के अन्तर्गत 100 मी.,200 मी., 500 मी, 800 मी, 1500 मी. व 3000 मीटर दौड़ आयोजित की गई। साथ ही लॉन्ग जंप, डिसकस थ्रो, शॉटपुट, 4 . 100, 4 . 100 मी. रिले दौड़ प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की गई। प्रथम दिवस पर हुई खेल - स्पधाओं में रायन गाजियाबाद की विजेता खिलाड़ियों ने अपने सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन से जीत का नया इतिहास रच दिया। विजेता खिलाड़ियों को उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा 8 स्वर्ण, 5 रजत एवं 6 कांस्य पदक, सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। सभी प्रधानाचार्यों के कुशल नेतृत्व में खेल महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय गान व राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में अभिभावक पेनल में कक्षा 4 से लेकर कक्षा 11 के छात्रों ने दी शिक्षण की सुंदर प्रस्तुति

सुरेंद्र मलानिया



बड़ौत। नगर के डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में छात्रों की बुद्धिमता स्तर की जाँच करने के लिए अभिभावक पेनल का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा 4 से लेकर कक्षा 11 तक के छात्रों ने बेहद अनुशासित तरीके से कक्षा मे शिक्षण की शानदार प्रस्तुति दी जिसे देखकर जाँच समिति के सभी सदस्य हैरान रह गए। अभिभावक पेनल में एयरफोर्स से सेवा निवृत्त और सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष मान, नेशनल एकेडमी के संचालक अरविन्द कुमार, शिक्षिका अंजलि तोमर, अभिभावक कुलदीप तोमर व राहुल तोमर द्वारा शिक्षण के महत्त्वपूर्ण बिन्दुओ जिसमे छात्र अनुशासन, छात्रों का पठन स्तर, छात्रों पर नियंत्रण, छात्रों द्वारा सीखे गए अध्याय की पूर्ण जानकारी व उसका स्पष्टीकरण व शिक्षण की विभिन्न तकनीकियों का निरीक्षण किया गया। अभिभावकों पेनल में कक्षा 4 से लेकर 11 तक के छात्रों द्वारा शिक्षण कार्य किया गया। सभी छात्रों ने बेहद अनुशासित तरीके से एक अच्छे शिक्षक की भांति कक्षा में पढ़ाकर शिक्षण का श्रेष्ट प्रदर्शन किया जिन्हे देखकर पेनल में आये शिक्षक और अभिभावक भी आश्चर्यचकित रह गए। पेनल इंस्पेक्शन में कक्षा 4 के छात्र अर्जुन तोमर ने 120 अंको में से 117 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेनल द्वारा छात्र अर्जुन तोमर को श्रेष्ठ शिक्षक घोषित किया गया। पेनल सदस्य शिक्षक अंजलि तोमर, सुभाष मान, कुलदीप तोमर व राहुल तोमर ने बताया कि डिवाइन ग्लोबल एकेडमी के छात्रों द्वारा उनकी कक्षाओं में किया गया शिक्षण बहुत ही उच्च स्तर का मिला है। उन्होंने बताया कि छात्र शिक्षक द्वारा बच्चो को पढ़ाने का तरीका बेहद अच्छा रहा। शिक्षण कार्य में छात्र रुपी शिक्षक और अन्य छात्रों की सहभागिता बहुत ही अच्छी रही। वही एकेडमी के प्रधानाचार्य के के त्यागी ने बताया कि डिवाइन ग्लोबल एकेडमी जनपद की सबसे बेहतरीन शिक्षण संस्था है। जंहा के सभी शिक्षक उच्च शैक्षिक स्तर के है। छात्रों के लिए उच्च स्तर का शिक्षण कार्य और छात्रों के सभी पहलुओं का सर्वांगीण विकास डिवाइन ग्लोबल एकेडमी बखूबी रूप से कर रही है। उन्होंने बताया कि आज बेहद शिक्षित अभिभावकों द्वारा छात्रों के शिक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया है और उन्हें खुशी है कि शिक्षक के रूप में छात्र अभिभावकों की कसौटी पर खरे उतरे है। इस अवसर पर अस्मिता, एकता तोमर, पायल तोमर, वर्तिका तोमर, अंश तोमर, अर्जुन तोमर, क्रिश त्यागी, अवनी, वरदान तोमर, परी तोमर, प्रशांत कुमार, खुशी,अंशिका,अवनी तोमर, अन्वीक्षा तोमर, वर्णिका, छवि, अक्षय, सलोनी आदि छात्रों ने भी शिक्षण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# बिजरोल गांव में धूमधाम के साथ मनाई गई बाबा शाहमल की जयंती





नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। बिजरौल गाँव के इंटर कॉलेज में बाबा शाहमल की 228वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इसमें क्षेत्र की अनेक जानी- मानी हस्तियों ने भाग लिया।

क्रांतिकारी बाबा शाहमल के वंशज एवं पूर्व कमांडो रमेश फौजी के सौजन्य से हुए कार्यक्रम में सुबह के समय हवन का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से हवन कुंड में आहुतियां डाली। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री के पी मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए.उन्होंने बाबा शाहमल की वीरता पर विचार रखे। कहा कि देश व समाज के लिये उन्होंने जो कार्य कर दिखाये है, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि उन्होंने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ मोर्चा खोला था और देश की खातिर अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। उनके किस्से आने वाली पीढ़ी को बताने चाहिए, ताकि उन्हें भी बाबा की वीरता पर गर्व हो सके।

खाप चौधरियों व राजनैतिक पार्टी के नेताओं ने बाबा शाहमल द्वारा देश व समाज के लिए किए गए कार्यों से लोगों को अवगत कराया और उनके बताये रास्ते पर चलने की अपील की। इस मौके पर टीवीएस अपाची 200 सीसी हैंड्स फ्री मोटरसाइकिल व्हीली प्रतियोगिता में गिनीज बुक रिकॉर्ड धारी सुमित फौजी का भी सम्मान किया गया। संयोजक रमेश फौजी ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का फूल माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी राजेंद्र मलिक व संचालन पूर्व प्रधान अशोक भूत ने किया। इस मौके पर चौहान खाप के चौधरी विवेक चौहान, दांघड़ खाप के चौधरी कैप्टन विनोद, रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी, कांग्रेस नेता ओमवीर, किसान एकता संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश, सांगवान खाप के चौधरी बालिस्टर, थाम्बा चौधरी ब्रजपाल बडौत, थाम्बा चौधरी रामकुमार बामडोली आदि समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# एक लाख रुपये से ज्यादा सैलरी, फिर भी चोरी करते रेलवे का टेक्नीशियन गिरफ्तार

एनपीटी ब्यूरो



बरेली । आरपीएफ और सीआईबी (अपराध जांच शाखा) ने इज्जतनगर रेलवे कारखाने से पिस्टन चोरी के आरोपी सीनियर टेक्नीशियन को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्टन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। कारखाने से 120 से ज्यादा पिस्टन चोरी हो चुके हैं। आरपीएफ अब आरोपी की रिमांड लेकर उससे पूछताछ करेगी।

इज्जतनगर रेलवे कारखाने से काफी समय से सामान चोरी हो रहे थे। वहां तैनात सीनियर टेक्नीशियन रामचंद्र सामान चोरी कर कबाड़ियों को बेचता था। उसका आवास सैनिक कॉलोनी डेलापीर में घनश्याम मंदिर के पास है। काफी समय से कारखाने से सामान चोरी होने के मामले में सीआईबी जांच कर रही थी। रविवार को आरपीएफ और सीआईबी ने रामचंद्र को मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय के पास स्थित दोपहिया वाहन पार्किंग से चोरी के पिस्टन के साथ गिरफ्तार कर लिया। एक पिस्टन की कीमत 1200-1400 रुपये बताई जा रही है।

# जिला अस्पताल में बच्चे की सांसें उखड़ीं... ऑक्सीजन प्लांट की चाबी गायब, इमरजेंसी सिलेंडर से बचाई गई जान

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। जिला अस्पताल के स्टाफ की लापरवाही से सोमवार को बच्चा वार्ड में भर्ती एक बच्चे की जान जोखिम में पड़ गई। अचानक उसकी सांस उखड़ी तो डॉक्टर ने ऑक्सीजन सप्लाई के लिए प्लांट चालू करने को कहा लेकिन उसकी चाबी ही नहीं मिली। इमरजेंसी सिलेंडर इस्तेमाल कर बच्चे की जान बचाई गई। बाद में पता चला कि ऑक्सीजन प्लांट की चाबी एक कर्मचारी जेब में डालकर ले गया था। एडीएसआईसी ने उसका जवाबतलब किया है।

जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती एक बच्चे की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अचानक हालत बिगड़ने लगी। इसी बीच उसे सांस लेने में गंभीर समस्या हुई तो डॉक्टर ने फौरन ऑक्सीजन सप्लाई शुरू कराने को कहा लेकिन वार्ड का स्टाफ ऑक्सीजन प्लांट चालू करने पहुंचा तो उस पर ताला लटका हुआ था। कर्मचारियों ने एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा को इसकी सूचना दी तो उन्होंने प्लांट का ताला तोड़कर उसे चलाने का निर्देश दिया लेकिन इस बीच किसी वार्ड से इमरजेंसी सिलेंडर लाकर बच्चे को ऑक्सीजन दे दी गई जिससे उसकी जान बच गई।

बाद में एडीएसआईसी ने वार्ड के स्टाफ को अपने कार्यालय में बुलाकर पूछताछ की तो पता चला कि एक कर्मचारी ऑक्सीजन प्लांट की चाबी जेब में डालकर कहीं चला गया था। एडीएसआईसी ने उसे कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

**जिला अधिकारी के निर्देश का भी कोई असर नहीं**

पिछले महीने ही डीएम रविंद्र कुमार जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे थे तो वहां फायर पैनल ताले में बंद पाया गया था। डीएम ने उसे खोलने को कहा तो पता चला कि चाबी किसी कर्मचारी के पास है जो अस्पताल में मौजूद नहीं है। डीएम ने इस पर सख्त नाराजगी जताई थी और निर्देश दिया था कि किसी भी आपात सुविधा की चाबी आसान पहुंच में रखी जाए लेकिन सोमवार को हुई घटना ने बता दिया कि डीएम के निर्देश का कोई असर नहीं हुआ।

# रेलवे क्रॉसिंग पर पलटा ट्रक लालकुआं और लखनऊ जाने वाली ट्रेनों को रोका गया

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। बहेड़ी में मंगलवार को बकास (चीनी मिल में इस्तेमाल होने वाला पदार्थ) से भरा ट्रक केसर रेलवे क्रॉसिंग पर पलट गया। हादसा सुबह करीब 10:45 बजे हुआ। हादसे की सूचना रेलवे के अधिकारियों को दी गई। इसके बाद ट्रेनों को जहां-तहां रोक दिया गया। इधर, ट्रक को क्रॉसिंग से हटाने के प्रयास शुरू किए गए।

जानकारी के मुताबिक लालकुआं से बकास से भरा ट्रक केसर चीनी मिल जा रहा था। केसर रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचते ही ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। रेलवे ट्रैक के बीचोंबीच ट्रक पलटने से खलबली मच गई। सूचना मिलते ही बरेली से चलकर लालकुआं जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को बहेड़ी स्टेशन पर रोक दिया गया। उधर, काठगोदाम से चलकर लखनऊ जाने वाली नंबर 15044 ट्रेन को पंतनगर रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया है। इधर, दोपहर एक बजे तक क्रॉसिंग पर पलटने ट्रक को हटाया नहीं जा सका था।

बहेड़ी रेलवे स्टेशन मास्टर मुकेश कुमार ने बताया कि गोरखपुर मंडल तक मामले की सूचना पहुंच गई है। रेलवे ट्रैक साफ होने के बाद ही ट्रेनों का संचालन हो पाएगा। ट्रक को क्रेन से हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर, हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई थी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने भीड़ को हटाया।

# महिला पुलिस भर्ती दौड़ 494 में 270 महिला अभ्यर्थी पास, 124 हुईं फेल

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के तहत बीते दिवस दौड़ प्रक्रिया आठवीं वाहिनी पीएसी मैदान पर हुई। इसमें 535 महिला अभ्यर्थियों में से 494 शामिल हुईं। दौड़ में 270 उत्तीर्ण हुईं। एसएसपी अनुराग आर्य ने दौड़ प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

दौड़ सुबह 10 बजे से शुरू हुई। एसएसपी ने अभ्यर्थियों की सुविधाओं का ध्यान रखने के नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खां को निर्देश दिए। पहले दिन दौड़ प्रक्रिया में 535 महिला अभ्यर्थियों को शामिल होना था लेकिन 494 ही शामिल हुईं और 41 अनुपस्थित रहीं। इनमें से 270 ने दौड़ उत्तीर्ण की और 124 फेल हो गईं। 18 ने दोबारा दौड़ प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवेदन किया।

**दौड़ में घायल हुई लड़कियां-** दौड़ में शामिल होने के लिए शाही और बिथरी से भी दो अभ्यर्थी आई थीं। शाही निवासी शिवि ठाकुर और दीक्षा मौर्या के दौड़ते समय चोट लगने पर गिर गईं। दोनों के पैर में फ्रैक्चर हो गया। दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। जहां दोनों की हालत में सुधार है। वहीं कई अभ्यर्थी बेहोश होकर गिर गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए भेज गया।

# रूस के शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल ने किया एमआईटी मेरठ का दौरा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर हुई चर्चा

एनपीटी ब्यूरो



मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में सोमवार को रूस की साउदर्न फेडरल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करना, शोध के नए अवसर तलाशना और वैश्विक शिक्षा साझेदारी को बढ़ावा देना था। प्रतिनिधिमंडल में साउदर्न फेडरल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, मैकेनिक्स और कंप्यूटर साइंस के डीन डॉ. वासिली काल्याचेव और विभागाध्यक्ष डॉ. ओलेग क्रावचेंको शामिल थे।

उन्होंने छात्रों को रूसी शिक्षा प्रणाली, शोध अवसरों और अंतरराष्ट्रीय करियर संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संयुक्त शोध, स्टूडेंट एक्सचेंज, फैकल्टी एक्सचेंज और पाठ्यक्रम उन्नयन जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

प्रतिनिधिमंडल ने 100 से अधिक छात्रों के साथ चर्चा की और उन्हें शिक्षा व शोध सहयोग के अंतरराष्ट्रीय पहलुओं से अवगत कराया। इसके बाद एक ओलंपियाड टेस्ट भी आयोजित किया गया, जिससे छात्रों को रूसी विश्वविद्यालय में आगे के अवसरों को समझने का मौका मिला।

रूसी प्रतिनिधियों ने एमआईटी के अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, रेडियो मेरठ 89.6 एफएम स्टूडियो और मेरठ उद्यमी फाउंडेशन का दौरा किया। साथ ही, उन्होंने कृषि आधारित स्टार्टअप्स से भी बातचीत की और नवाचार को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर चर्चा की।

वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने इस दौरे को भारत-रूस के शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया। वहीं, डॉ. वासिली काल्याचेव ने एमआईटी के शैक्षणिक माहौल की सराहना करते हुए, संयुक्त अनुसंधान और छात्रों के लिए नए अवसर तलाशने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरे ने दोनों देशों के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच भविष्य में मजबूत अकादमिक सहयोग की नींव रखी।

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. आलोक चौहान, निदेशक डॉ. केएलए खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, प्राचार्य फार्मेसी डॉ. नीरज कांत शर्मा, चीफ प्रॉक्टर प्रेम किशोर गौतम, डॉ. माधुरी गुप्ता, मोहन प्रसाद, सोनल मिश्रा, डीन एकेडमिक डॉ. गौरव शर्मा, सोनल अहलावत और रितिमा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रदर्शन ■ सड़क पर उतरे बरेली के डॉक्टर

# डीएम आवास के बाहर जोरदार प्रदर्शन, 'आयुष्मान' को लेकर नाराजगी

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। आयुष्मान से इलाज के बाद तमाम अस्पतालों का करीब चार करोड़ रुपये भुगतान नहीं हो रहा। लगातार मांग के बावजूद कोई उचित कार्रवाई न होने से आक्रोशित चिकित्सक मंगलवार को सड़क पर उतरे। विशाल रैली निकालकर पैदल मार्च करते हुए डीएम आवास के बाहर पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भुगतान और समस्याओं के निस्तारण कराने की मांग की।

इससे पूर्व सभी चिकित्सक और अस्पताल संचालक, पैरामेडिकल



स्टाफ आदि आईएमए भवन सभागार में जुटे। शासन के बजाय आयुष्मान के भुगतान प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाल रही एजेंसी पर निशाना साधने को कहा। कहा कि जो बेवजह छिटपुट खामी, नियम और मानक की अड़चन बताकर भुगतान निरस्त कर रहे हैं। प्रदर्शन में मौजूद सभी ने इस पर सहमति जताई और इसे भुगतान होने तक जारी रखने का संकल्प लिया।

आईएमए अध्यक्ष डॉ आरके सिंह ने कहा कि आयुष्मान से सिर्फ इलाज ही नहीं होता बल्कि अस्पताल का खर्चा भी होता है। मरीज स्वस्थ होकर चला जाता है उसके कई दिन बाद पेमेंट रिजेक्ट का मेसेज आता है। जो मानसिक परेशानी की वजह है। क्योंकि भुगतान न होने से इलाज का खर्च नहीं मिलता। कई मामले होने पर चिकित्सक कैसे अस्पताल चलाएंगे। उधारी की नौबत है। मुख्य मांग में बुजुर्गों के इलाज का पैकेज तीन गुना करने, एक बार अप्रूवल मिलने पर उसे निरस्त न करने, फायर एनओसी न होने पर भुगतान कैंसिल न करने, छिटपुट खामियां बताकर भी भुगतान निरस्त न करने समेत अन्य कई मांगे ज्ञापन में दी है।

## संपादकीय

# टकराव टाल विकास करने का आदेश

देश को वैकल्पिक राजनीति व साफ-सुथरे प्रशासन देने के वायदे के साथ सत्ता में आई आम आदमी पार्टी का हालिया विधानसभा चुनावों में हुआ हश्र अप्रत्याशित नहीं है। निश्चित रूप से भाजपा के साधन-संपन्न बड़े संगठन और उसके केंद्र की सत्ता में होने का मुकाबला कर पाना किसी भी दल के लिये आसान नहीं था। भ्रष्टाचार के विरुद्ध चले अन्ना आंदोलन से उपजी आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल पार्टी के पोस्टर ब्वाय के रूप में तो उभरे लेकिन जब उन पर तथा उनके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, तो वे जनता की अदालत में खुद को पाक-साफ साबित नहीं कर पाये। दरअसल, पिछले एक दशक से केंद्र सरकार से लगातार टकराव, कोर्ट-कचहरी और आरोप-प्रत्यारोपों से दिल्ली की जनता भी तंग आ चुकी थी। निस्संदेह, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आप ने रचनात्मक पहल जरूर की, लेकिन केंद्र सरकार व उसके प्रतिनिधि एलजी से लगातार जारी टकराव से दिल्ली का विकास अवरुद्ध होता नजर आया। लेकिन भाजपा ने जिस व्यापक स्तर पर और प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर दिल्ली का चुनाव लड़ा, उसके अप्रत्याशित परिणाम आने स्वाभाविक थे। इस तरह भाजपा ने ढाई दशक से अधिक के वनवास को खत्म कर-के सत्ता का वरण कर लिया। लेकिन 43 फीसदी मत व 22 विधायकों के साथ उभरी आप एक मजबूत विपक्ष की भूमिका में जरूर रहेगी। लेकिन यह जरूर है पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल व पार्टी के नंबर दो मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन आदि अन्य धुरंधरों की हार से विधानसभा में आप की आवाज कमजोर जरूर हो जाएगी। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि इन चुनावों के परिणाम से आप का अन्य राज्यों में विस्तार प्रभावित होगा। बहुत संभव है कि आप की पंजाब सरकार पर कुछ आंच आए। लेकिन एक बात तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस भाजपा के प्रदर्शन को कमजोर आंका जा रहा था, वह एक बार फिर जीत की लय में दिखायी दे रही है। उसने हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में यह करिश्मा दिखाया। इस चुनाव में कांग्रेस का खाता न खुलना पार्टी के लिये निराशाजनक ही है। वहीं इंडिया गठबंधन के लिये भी यह स्थिति बेहद निराशाजनक है क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में उसके दो दल आप व कांग्रेस ताल ठोककर उतरे थे। इस चुनाव का एक रोचक पहलू यह भी रहा है कि अब तक मुफ्त की रेवड़ियों वाला आप का जो हथियार उसके विपक्षियों को पस्त करता रहा है, भाजपा ने उसी हथियार को आप के खिलाफ सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। खासकर महिलाओं को नकद राशि देने के भाजपा के वायदे ने गेमचेंजर की भूमिका निभायी। वहीं भाजपा के मजबूत संगठन और सशक्त चुनावी तंत्र ने तसवीर बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। यही वजह है कि जहां भाजपा का खुशियों का कमल खिला, वहीं कांग्रेस की शून्य की हैट्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी को आत्ममंथन को बाध्य कर गई है। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों ने आप को अपने सबसे मुश्किल दौर में पहुंचा दिया है। साथ ही यह भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में वैकल्पिक राजनीति के सपने के टूटने जैसा भी है। इसके अलावा अब आप नेतृत्व को पार्टी को एकजुट बनाये रखने की भी चुनौती होगी। वहीं भाजपा पर दबाव होगा कि दिल्ली में पानी,बिजली,जलभराव, सफाई की व्यवस्था बनाने के साथ ही कूड़े के ढेरों के अभिशाप से राष्ट्रीय राजधानी को मुक्त कराए। अकसर होने वाला वायु प्रदूषण का संकट दूर करना भी एक चुनौती है। यमुना की बदहाली दूर करने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकताओं के बीच विजय रैली को संबोधित करते हुए लिया है, लेकिन यह काम इतना आसान भी नहीं है। इसी रैली में उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की सभी सीमाओं पर स्थित सभी राज्यों में पहली बार भाजपा की सरकारें सत्तारूढ़ हैं। उम्मीद है भाजपा इसे दिल्ली व एनसीआर के विकास का स्वर्णिम अवसर बनाएगी। विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार किसी व्यवधान की दलील के बिना राष्ट्रीय राजधानी के गौरव को वैश्विक मापदंडों के अनुरूप ढाल पाएगी।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

**स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है।**




इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निमार्ताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में है; उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है?

शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलडे.में रुपया है और दूसरे पलडे. में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी-बडी. कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है। जीवन मूल्यों एवं संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। बहुत विस्फोटक स्थिति हो गई है। अगर ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों की विकृति प्रसार की घटनाओं को नजरअंदाज किया गया तो अगली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। भारतीय संस्कृति को बचाने और लोगों को अच्छी चीजों के लिए प्रेरित करने के लिये सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बन सकता है, लेकिन ऐसे रणवीर इलाहाबादिया से सोशल मीडिया को मुक्त करके ही यह संभव है।

सोशल मीडिया को नैतिक, मर्यादित एवं शालीन बनाने की जरूरत है। नैतिक मूल्यों का ह्रास होना नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत की एक बड़ी बाधा है। क्योंकि अधिकांश युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही हैं। यही कारण आप अपने माता-पिता के बारे में किस तरह की बातें शेयर कर रहे हैं? क्या ये कॉमेडी है? ये बिल्कुल भी कॉमेडी नहीं है। ये स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं हो सकती। लोगों को गाली देना सिखाना, अश्लीलता परोसना, नारी की अस्मिता को कुचलना एवं माता-पिता की छवि को धुंधलाना ऐसी विकृतियां हैं जो देश को संस्कृति-विहीन बनाती है, कमजोर करती है।

# मनुष्य के अस्तित्व के लिए चुनौती बनते हालात

यदि 2030 तक वनों की कटाई पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले समय में यह खर्च कई गुणा बढ़ जायेगा और कार्बन उत्सर्जन में बढ़ोतरी से पर्यावरणीय समस्याएं और विकराल रूप धारण कर लेंगी।

आज के समय में पर्यावरण, जैव विविधता और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की जो स्थिति बनी है, वह मानव के असीमित लोभ और संसाधनों की अंधी चाहत का परिणाम है। मौसम में आए अत्यधिक बदलाव, पारिस्थितिकी तंत्र में गिरावट और आर्थिक-सामाजिक ढांचे में संकट इन सबका प्रत्यक्ष परिणाम हैं। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ है, बल्कि वर्षों से पर्यावरणविद, हमें चेतावनी दे रहे थे कि यदि हमने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। हम अब उस स्थिति में पहुंच चुके हैं जहां से वापसी करना बहुत मुश्किल है।

दुनिया के स्तर पर जैव विविधता की बात करें तो अमेरिका की ए एण्ड एम यूनिवर्सिटी स्कूल आफ पब्लिक हैल्थ के एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि पेड़-पौधों की मौजूदगी लोगों को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक होती है। मानसिक रोगियों पर किये गये अध्ययन में कहा गया है कि हरियाली के बीच रहने वाले लोगों में अवसाद की आशंका बहुत कम पायी गयी है।

वहीं, जैव विविधता वाली जमीन पर कब्जे की घटनाओं में तीव्र वृद्धि हो रही है, खासकर 2008 के बाद से। ये घटनाएं विशेष रूप से उप-सहारा अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में हो रही हैं, जिनका असर वैश्विक स्तर पर भूमि असमानता, खाद्य असुरक्षा, किसान विद्रोह और ग्रामीण पलायन में वृद्धि कर रहा है। इस प्रवृत्ति ने छोटे और मंझले खाद्य उत्पादकों को संकट में डाल दिया है। मानसिक स्वास्थ्य की विशेषज्ञ प्रोफेसर एंड्रिया मेचली के अनुसार, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता की तेज गिरावट से सिर्फ प्राकृतिक पर्यावरण नहीं, बल्कि उसमें रहने वाले लोगों का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है।



बीते दो दशकों में समूची दुनिया में 78 मिलियन हेक्टेयर पहाड़ी जंगल नष्ट हो गये हैं। जबकि पहाड़ दुनिया के 85 फीसदी से ज्यादा पक्षियों, स्तनधारियों और उभयचरों के आश्रय स्थल हैं। गौरतलब यह है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन दुख और चिंता की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बेहद धीमी है।

जहां तक धरती का फेफड़ा कहे जाने वाले दक्षिण अमेरिका के अमेजन बेसिन के बहुत बड़े भूभाग पर फैले अमेजन के वर्षा वनों का सवाल है, वे विनाश के कगार पर हैं। बढ़ते तापमान, भयावह सूखा, वनों की अंधाधुंध कटाई और जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं के चलते अमेजन के जंगल खतरे के दायरे में हैं।

दरअसल, दुनिया में जंगलों का सबसे ज्यादा विनाश ब्राजील में हुआ है और यह सिलसिला आज भी जारी है। उसके बाद डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो और बोलीविया का नम्बर आता है। यदि मैरीलैंड यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के ग्लोबल वाच की हालिया रिपोर्ट की मानें तो दुनियाभर में साल 2023 में 37 लाख हेक्टेयर जंगल नष्ट हो गये।

भारत में बीते 30 वर्षों में जंगलों की कटाई में भारी बढ़ोतरी हुई है। भले ही इसके प्राकृतिक कारण हों या मानवीय। इसमें देश के पांच राज्यों यथा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश शीर्ष पर हैं जहां देश में आग से सबसे ज्यादा जंगल तबाह हुए हैं। यह सिलसिला आज भी जारी है।

यदि ग्लासगो में हुए कॉप-26 सम्मेलन की बात करें तो इसमें दुनिया के 144 देशों ने 2030 तक इन जंगलों को बचाने का संकल्प लिया था। गौरतलब है कि यदि दुनिया में वनों की कटाई पर रोक लगायी जाती है तो एक अनुमान के आधार पर उस हालत में 900 अरब डालर की रकम खर्च होगी। जबकि अभी दुनिया में जंगलों को बचाने पर सालाना तीन अरब डालर की राशि खर्च की जा रही है। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की कंजरवेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट की वैज्ञानिक के अनुसार जंगलों को बचाने के लिए दुनियाभर की सरकारों को सालाना 130 अरब डालर खर्च करने होंगे। यदि 2030 तक वनों की कटाई पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले समय में यह खर्च कई गुणा बढ़ जायेगा और कार्बन उत्सर्जन में बढ़ोतरी से पर्यावरणीय समस्याएं और विकराल रूप धारण कर लेंगी। चिंता की बात यह है कि वैज्ञानिकों की इस बारे में एकमुश्त राय है कि ऊर्जा, उत्पाद और दूसरी सामग्रियों के लिए दुनियाभर की कंपनियों की नजर जैव विविधता पर है। अनुमान है कि जैव विविधता के दोहन के लिए दुनियाभर के देश 2030 तक 400 अरब डालर का निवेश करेंगे जो मौजूदा समय से 20 गुणा ज्यादा होगा।

दरअसल, जैव विविधता को संरक्षित करने में वन की उपयोगिता जगजाहिर है लेकिन विडम्बना है कि हम उन्हीं के साथ खिलवाड़ कर अपने जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। बीते तीन दशक इसके सबूत हैं कि उनमें हमने तकरीबन एक अरब वन मानवीय स्वार्थ के चलते खत्म कर दिये हैं। हम यह क्यों नहीं समझते कि यदि अब भी हम नहीं चेते तो हमारा यह मौन हमें कहां ले जायेगा और क्या मानव सभ्यता बची रह पायेगी?

# डीएम के औचक निरीक्षण से सदर तहसील में मचा हड़कंप, गंदगी देख लगाई अधिकारियों को कड़ी फटकार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। जिलाधिकारी द्वारा किए गए सदर तहसील के औचक निरीक्षण में जगह-जगह कूड़े के ढेर दिखाई दिए जिनको देखकर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई। समूचे परिसर का उन्होंने भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान देखा कि एसडीएम ऑफिस के समीप ही लोग खुले में टॉयलेट कर रहे थे। इस बीच निरीक्षण के दौरान एक पीड़ित व्यक्ति ने उनको बताया कि तहसील कर्मचारियों ने मुझको मृत दिखाकर म्यूटेशन कर दिया है जिसको सुनकर वह सन्न रह गए। उन्होंने तत्काल तहसीलदार को आदेश दिए कि इस मामले में लेखपाल द्वारा की गई कार्रवाई की जांच कराकर उनका अविलंब रिपोर्ट प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह सोमवार को दोपहर अचानक सदर तहसील जा पहुंचे । उन्होंने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार कानूनगो (आर.के) पटल पर पंजिकाओं का अवलोकन किया, तहसील में न्यायालयों से जारी आदेशों के रजिस्टर एवं खतौनी में दर्ज किए जाने का भी सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने तहसील हवालात, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर रूम को देखा तथा विभिन्न रजिस्टरों को जांचा। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर वैभव कुमार, तहसीलदार सदर सौरभ यादव तथा नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि कोर्ट से जारी होने वाले आदेशों को प्रतिदिन दर्ज किया जाए। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तथा समयावधि में किया जाए। उन्होंने तहसील आए वादी, प्रतिवादी तथा फरियादियों से चर्चा कर तहसील का फीडबैक लिया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान तहसील में मिली गंदगी पर नाराजगी जाहिर की। जगह जगह गंदगी मिली, जिस पर जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तहसील परिसर में उत्कृष्ट साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उप जिलाधिकारी तहसील परिसर में साफ सफाई का नियमित निरीक्षण करे। उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार दोनों लोग मिलकर तहसील से गंदगी साफ कराएं।

तहसील में आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं, आम जनमानस आदि के लिए शौचालय की व्यवस्था करें। कोई भी व्यक्ति तहसील परिसर में खुले में टॉयलेट न करे। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा जारी आदेशों को समय से रजिस्टर, ऑनलाइन एवं खतौनियों में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर/डिप्टी कलेक्टर प्रीति जैन, तहसीलदार सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे।

# बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं से मारपीट, चढ़ावे को लेकर सेवायतों से विवाद; महिलाओं को भी नहीं बख्शा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। वृंदावन का प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर एक बार फिर विवादों में घिर गया है। सोमवार सुबह मंदिर में चढ़ावे को लेकर सेवायतों और श्रद्धालुओं के बीच जमकर मारपीट हुई। यह घटना तब हुई जब मुंबई से 17 श्रद्धालुओं का एक समूह दर्शन के लिए मंदिर पहुंचा। बताया जा रहा है कि चढ़ावे को लेकर सेवायतों और श्रद्धालुओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई शुरू हो गई। मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में यह पूरी घटना कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि सेवायत और श्रद्धालु एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाते नजर आ रहे हैं। विवाद के बीच मंदिर के अन्य सेवायत और गोस्वामी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि महिला श्रद्धालुओं ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन उन्हें भी बुरी तरह पीटा गया। इसके बाद पीड़ित श्रद्धालु वृंदावन कोतवाली पहुंचे। मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने श्रद्धालुओं की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों में घनश्याम, लक्ष्मी और सुमन का मेडिकल करवाया गया है। वहीं, पुलिस ने मंदिर में कार्यरत दो सेवायतों को हिरासत में ले लिया है।

# जनता सेवा करना हमारा धर्म -एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी

## अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



महसी बहराइच। तहसील महसी अन्तर्गत हरदी थाना परिसर में आगामी त्यौहार व पुर्व में हुए महसी महराजगंज घटनाक्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने की। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी डीके श्रीवास्तव व तहसीलदार महसी विकास कुमार भी शामिल रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने सभी से शान्ति व सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की किसी भी विषम परिस्थिति में प्रशासन को तुरंत जानकारी देने की बात कही। एसपी ने कहा कि बहराइच पुलिस चौबीस घंटे आपकी सेवा में तत्पर है आप कभी भी मुझे फोन कर सकते हैं। हम पब्लिक सर्वेंट है हमें सरकार ने आपकी सेवा के लिए ही रखा है। क्षेत्राधिकारी महसी धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने मौजूद लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि त्योहारों पर किसी प्रकार मनभेद नहीं होना चाहिए। सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाए जिससे आपसी सौहार्द बना रहे। किसी भी स्थिति में स्वयं निर्णय न लीजिए प्रशासन को तुरंत जानकारी दीजिए। थाना प्रभारी हरदी कमलशंकर चतुवेर्दी ने कहा कि हम सभी को मिलकर नशे पर लगाम लगाने की आवश्यकता है नशे के कारण नवयुवा उम्र से पहले ही काल के गाल में समा रहे हैं। नशे के कारण ही वाहन दुर्घटनाएं बढ़ी है प्रतिदिन कोई व्यक्ति सड़क दुघर्टना में अपनी जान गंवा रहा है हम सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए जिससे हम और हमारा परिवार व समाज सभी सुरक्षित रहें। इस मौके पर प्रधान संजय त्रिवेदी,पिंटू सिंह, लल्लन बाजपेई, धर्मेंद्र शुक्ला, अशोक सिंह सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान व सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व चेयरमैन पप्पू खां ने सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के साथ की अखिलेश यादव से दिल्ली में मुलाकात



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।सोमवार को नगर पंचायत शाहबाद के पूर्व चेयरमैन पप्पू खा रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी से मुलाकात करने दिल्ली पहुंचे, पूर्व चेयरमैन पप्पू खा ने सबसे पहले सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी से उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की उसके बाद सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी अपने साथ उन्हें संसद भवन ले गए और वहां पर कुछ सांसदों से मुलाकात कराई। सोमवार की शाम को घोसी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय के आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने पप्पू खा की मुलाकात पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से कराई। खुशगवार माहौल में पूर्व चेयरमैन पप्पू खा की मुलाकात पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से हुई। सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने अखिलेश यादव को पूर्व अध्यक्ष पप्पू खा के राजनीतिक जीवन के बारे में बताया अखिलेश यादव ने पप्पू खा को लखनऊ आने की दावत भी दी सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने पूर्व अध्यक्ष पप्पू खा से समाजवादी पार्टी के लिए क्षेत्र में काम करने तथा लोगों की खिदमत करने को कहा।इस अवसर पर अयोध्या,घोसी, तथा संभल के सांसदों सहित समाजवादी पार्टी के कई अन्य सांसद और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कोर्ट से स्टे लेने के बाद उप निबंधन व बाबुओं ने पदभार संभाला





मथुरा। बीते दिनों उप निबंधन कार्यालय में मूल डीड देरी से देने में निलंबित किए गए उप निबंधक और दो बाबुओं ने फिर से पदभार संभाल लिया है। शासन द्वारा जारी आदेश पर कोर्ट से स्टे लेने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया है। दरअसल, साधुराम तौरानी ने स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल से शिकायत की थी कि रजिस्ट्री के बाद भी उन्हें शाम तक मूल डीड वापस नहीं दी गई, जबकि रजिस्ट्री के तत्काल बाद मूल डीडी देने का नियम है। उन्होंने प्रताड़ित करने की भी शिकायत की भी थी। मामले में संज्ञान लेते हुए मंत्री ने तीनों को निलंबित कर दिया था। इसके बाद तीनों अधिकारी शासन के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट चले गए। मामले में कोर्ट ने उन्हें स्टे दे दी। इसके बाद उप निबंधन सदर प्रथम अजय कुमार त्रिपाठी, कनिष्ठ सहायक प्रदीप उपाध्याय एवं सतीश कुमार चौधरी सोमवार को चार्ज ग्रहण कर लिया है।

# जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी का भ्रमण का कार्यक्रम आज

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन सुनील कुमार अ०प्रा० ने तहसील खेरागढ क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिक / विधवाऐं / वीर नारी एवं उनके आश्रितों को सूचित करते हुए अवगत कराया है कि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय का भ्रमण का कार्यक्रम दिनॉक 12 फरवरी 2025 को अपरान्ह 11:30 बजे प्रस्तावित है, जिसमें जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अपनी टीम के साथ तहसील में उपस्थित रहेगी। उन्होंने भूतपूर्व सैनिक/विधवाऐं/वीर नारी एवं उनके आश्रितों से आग्रह किया है कि उनके कार्यालय से दी जा रही सभी सेवाऐं प्राप्त कर सकते हैं।

# आपसी भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार हुड़दंग किया तो होगी कार्रवाई, सीओ हर्षिता सिंह

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। आगामी त्यौहार शब ए बारात, महाशिवरात्रि और होली को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीओ हर्षिता सिंह ने कहा सभी लोग त्यौहारो को मिलजुलकर मनाए। गंगा जमुनी तहजीब कायम रखें। होलिका के स्थान को लेकर कोई भी विवाद हो तो आपसी बातचीत कर समय से पहले ही उसका निबटारा कर लें। परंपरागत जगहों पर भी होलिका को रखें। कोतवाल पंकज पंत ने कहा कि शब ए बारात मस्जिदों में रहकर ही इबादत करें। त्योहारों पर किसी भी तरह की हुड़दंगबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्यौहारों को सौहार्द के साथ मनाए। अराजक तत्वों के बारे में समय से पुलिस को जानकारी दे ताकि किसी भी अनहोनी पर समय से नियंत्रण किया जा सकें। निरीक्षक संजय सिंह, व्यापारी नेता महेश गुप्ता, मंजूलता शर्मा, फरमान अब्बासी, आकाश, अन्नू रावत, मौलाना जावेद, पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, संस्थापक अंकित गुप्ता, महासचिव सिफत मियां, संरक्षक सखावत मिया, उपाध्यक्ष एहसान खां, राजीव भटनागर, विशाल जोशी आदि रहे।

# खोए हुए मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरो पर लौटी मुस्कान आगरा पुलिस की जमकर की सराहना

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। आगरा पुलिस ने पिछले तीन महीने में चोरी और गुम हुए लगभग 303 मोबाइल फोनों को सर्विलांस की मदद से बरामद किया है। इन मोबाइल फोन को मंगलवार को पुलिस लाइन में डीसीपी सिटी सूरज राय ने लोगों को वापस किया। फोन पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। सभी फोन की अनुमानित कीमत लगभग 51 लाख रुपए बताई गई है। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया की आगरा पुलिस की खोया पाया सेल द्वारा चोरी और गुम हुए मोबाइल फोनो को ट्रैक कर उन्हें बरामद किया जाता है। वही तीन तीन महीने के अंतराल में जो भी मोबाइल फोन बरामद होते हैं, उन्हें ऑनर को वापस कर दिया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को भी 303 फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को वापस किया गया है। उन्होंने बताया कि एसओजी सर्विलांस सेल का प्रयास है कि जितनी कंप्लेंट मोबाइल गुम होने की मिले, उनके फोन बरामद कर वापस किए जाएं।वहीं, फोन वापस पाकर लोगों के चेहरो पर भी मुस्कान लौट आती है ओर वह आगरा पुलिस की इस कार्यप्रणाली की जमकर सराहना करते है। वही बोदला निवासी अंजू ने बताया कि एक साल पहले उनका मोबाइल एसएन इमरजेंसी में खो गया था। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि फोन मिलेगा। लेकिन सोमवार को पुलिस का फोन आया कि आप अपना फोन वापस ले जाइगा। पहले तो उन्हें लगा कि कोई मजाक कर रहा है, लेकिन जब फोन मिल गया तो वह बहुत खुश हो रही है। वही ताजनगरी निवासी रिहान वारसी की माँ का भी मोबाइल फोन दो माह पूर्व चोरी हो गया था उनके द्वारा पुलिस में शिकायत की गई थी ओर उनसे कहाँ गया था की पुलिस पुरी कोशिश करेंगी आपका मोबाइल मिल जायेगा लेकिन दो माह बाढ़ जब सोमवार दोपहर उनकी माँ के पास फोन आया की आपका फोन मिल गया है आप अपना फोन ले जाइये तो वह इस बात पर यकीन नहीं कर पायी लेकिन आज मंगलवार को डीसीपी सीटी सूरज राय द्वारा जब उन्हें उनका फोन सुपुर्द किया गया तो अपना मोबाइल फोन पाकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। मोबाइल पकार उन्होंने पुलिस की इस कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की ओर दिल से दुआ दी

# वसंत बहार में गीतों पर नृत्य कर महिलाएं झूमीं



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट ने स्थानीय होटल में दिनेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम वसंत बहार आयोजित किया गया। जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन केंद्रीय समिति सदस्य मुकेश अग्रवाल, विशेष समिति सदस्य राजेश बजाज, फेडरेशनझ5 उपाध्यक्ष मोहनबाबू आर्य ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप जलाकर शुभारंभ किया। केंद्रीय समिति की गांधीनगर (गुजरात) में हुई सभा में संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष रहे जगदीश चावला को उनके श्रेष्ठ कार्यों को सम्मान देते हुए जायंट्स रत्न उपाधि से अलंकृत किया गया। मुकेश अग्रवाल ने उनके सीने पर मेडल लगाकर व राजेश बजाज ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल व उपाध्यक्ष संजीव जैन ने जगदीश चावला का पटुका पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संगीता सिंघल, शिखा भल्ला, रितु पिपलानी, डेजी चुग, पायल अरोड़ा, साक्षी खत्री, बबीता राजपाल ने पतझड़ सावन वसंत बहार एक बरस के मौसम चार पांचवां मौसम प्यार का आदि गीतों पर नृत्य किया।

डॉ. जयति उप्पल ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित फूल रही है सरसों सकल वन गीत सुनाकर सभी का मन मोहा। डीओपी सुमित गोयल व दीप्ति मानिक ने हाउजी खिलवाई। सभी प्रतिभागियों को प्रथम महिला अर्चना अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। संचालन भावना अरोड़ा ने किया। बृजेश सिंघल, राजेश गुप्ता, मनोज शर्मा, डॉ. राजीव अग्रवाल, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संत प्रेमानंद का सालों पुराना खुला राज, 90 साल की महिला बोली- मेरे पति..., सुन हिल जाएगा दिमाग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा. ब्रिज के संत प्रेमानंद महाराज की रात्रि पदयात्रा का विरोध होने के बाद हर जगह चर्चा हो रही है। पदयात्रा बंद होने की खबर आने के बाद लाखों भक्तों को मायूस देखा गया था। जिसके बाद एक बृजवासी अम्मा जिनका नाम शीला है उन्होंने प्रेमानंद महाराज का सालों पुराना एक राज खोला है। वह बताती है कि प्रेमानंद बाबा पहले बनारस में रहते थे और हम अपने पति श्री राम शर्मा जी के साथ जाते थे और मेरे पति वहां पर रस की प्रस्तुति दिया करते थे, जिसको देखने के लिए प्रेमानंद महाराज बनारस में जाते थे। महिला ने आगे बताया कि जिसके बाद प्रेमानंद महाराज ने उनके पति श्री राम शर्मा जी से भेंट की और कहा कि हमको वृंदावन ले चलिए। इस पर उन्होंने कहा कि जिसका हाथ बांके बिहारी जी पकड़ लेते हैं वह स्वयं वृंदावन आ जाता है। आपका भी हाथ बांके बिहारी जी पकड़कर वृंदावन ले आएंगे। शीला नाम की अम्मा की उम्र लगभग 90 साल है। वह बताती है कि हमने जब प्रेमानंद महाराज को बनारस में देखा था, तो उनकी बहुत बड़ी-बड़ी जटाएं थी, फक्कड़ की तरह रहते थे, लेकिन वृंदावन आकर उन्होंने राधा नाम का प्रचार किया है और बीमारी होने के बावजूद भी रात्रि में निकलते हैं और भक्तों को दर्शन देते हैं।महिला ने आगे बताया कि उनकी किडनी खराब है उसके बावजूद भी रात में निकलते हैं। महिला ने कहा कि प्रेमानंद महाराज रात में निकलकर बहुत कृपा करते हैं, इतनी परेशानी में भी सोचते हैं कि उनके भक्त वहां पर रास्ते में खड़े होंगे, इसलिए दर्शन देने के लिए निकलते पैदल हैं। गौरतलब है कि बीते गुरुवार, संत प्रेमानंद महाराज का वृंदावन के एनआरआई ग्रीन कॉलोनी की महिलाओं ने जमकर विरोध किया था और उनके खिलाफ सड़क पर उतरकर मौर्चा खोला था। जिसके बाद पूरे देश में यह मामला चचाओं में आ गया और हर कोई महिलाओं की ओर से किए जा रहे विरोध का कारण जानना चाह रहा था। फिर सामने आया कि संत प्रेमानंद की रात में होने वाली पदयात्रा के खिलाफ महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया है।

# मंडलायुक्त ने दिए माघ पूर्णिमा मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 व माघ माह की पूर्णिमा मेले को सशुल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त ने अधिकारियों को सकुशल मेले को सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शानुसार होल्डिंग एरिया, रामघाट, बेडी पुलिया व बॉर्डर पर सम्बन्धित अधिकारी लगातार भ्रमणशील होकर मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी टीम के साथ लगे हुए हैं। इस पर मंडलायुक्त ने कहा कि रामघाट पर साफ सफाई व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था बनी रहनी चाहिए एवं सीसीटीवी कैमरों का भी कंट्रोल रूम से लगातार संचालन करवाते रहे। मंडलायुक्त ने अधिशासी अधिकारी कर्वी से कहा कि समस्या होने पर डीएम व एसपी को सूचित करें। सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि होल्डिंग एरिया में सफाई, प्रकाश व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था होनी चाहिए। आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि रात में बिजली की सप्लाई बनी रहनी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को लगातार खाद्य पदार्थों पर छापेमारी कर सैंपलिंग करते रहने के निर्देश दिए। एआरटीओ को अतिरिक्त बसों के साथ क्रेन की भी व्यवस्था बनाए रखने को कहा। दल गठित कर पेट्रोलिंग भी करते रहें तथा सड़क पर खड़ी गाड़ियां को तत्काल तत्काल हटवाए। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को जगह-जगह टैंकरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को होल्डिंग एरिया व स्टेशन पर दवाओ के साथ एंबुलेंस व स्टाफ भी को तैनात रखने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें तथा मानिटरिंग करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराएं।



पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रयागराज मेले के चलते श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है। सभी लोग 26 फरवरी तक सतर्क रहते हुए ड्यूटि करें। खराब गाड़ियों को हटाने के लिए क्रेन की भी व्यवस्था करें। साथ ही एंबुलेंस भी रहनी चाहिए। मेला क्षेत्र आने वाले श्रद्धालुओं अच्छा व्यवहार करते हुए मार्ग बताएं। श्रद्धालुओं को समस्या नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी कर्वी को नाव संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन एवं किराया निर्धारित करने एवं नाविको के पास बनाने तथा नाव पर सेफ्टी उपकरण रखवाने के निर्देश दिए। कहा कि किसी भी नाविक को क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने दें। उन्होंने डीएम-एसपी व जिला सूचना अधिकारी को सोशल मीडिया पर ब्रीफिंग करते रहने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बेडीपुलिया, धनुष चैराहा, पटेल तिराहा व अंतर्राज्यीयय सीमाओं पर बैरियर लगाकर वाहनों पर नजर रखी जा रही हैं। ट्रैफिक पुलिस भी सक्रिय होकर कार्य कर रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ सौरभ यादव, राजापुर आलोक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकार राजकमल, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजीत यादव सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### फांसी के फंदे पर लटका मिला आविवाहित युवक का शव

ललितपुर नगर के मोहल्ला गोविन्द नगर में स्थित काशीराम कालोनी में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली, सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। गोविन्द नगर में स्थित काशीराम कालोनी के ब्लॉक नम्बर तीन के आवास नम्बर चालीस निवासी नितिन पुत्र खेमचन्द्र उम्र 22 वर्ष के बड़े भाई अमित ने बताया कि बीते रविवार की रात्रि वह शराब के नशे में मोहल्ला लक्ष्मीपुरा में स्थित घर से खाना खाने के बाद सोने के लिये कालोनी में स्थित आवास पर चला गया। सुबह जब अमित आवास पर पहुंचा, तो आवाज देने के बाद भी कोई उत्तर न मिलता देख उसने आस-पास के लोगों की मदद से दरवाजा तोडकर अंदर जाकर देखा तो युवक का शव छत के कुंदे पर तौलिया के फंदे पर लटक रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गयी, पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उताकर कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है। मृतक दो भाईयों में छोटा था. वह आविवाहिता था, मृतक ट्रेन में अटेंडर का काम करता था।

### नए जेवर देने का झांसा देकर जेवरात पर किया हाथ साफ, केस दर्ज

ललितपुर` महरौनी के ग्राम सिंदवाहा में बर्तन लेने का इरांसा देकर जेवरात पर हाथ साफ करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। ग्राम सिंदवाहा निवासी विष्णु झां पुत्र गोरेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह फरवरी को उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। इसी दौरान एक अज्ञात महिला आयी और स्टील के बर्तन लेने के एवज में जेवरात देने की बात कहने लगी, दो घंटे में जेवरात नये लाकर देने का झांसा देने पर पीडित की पत्नी ने दो सोने के मंगलसूत्र, दो जोडी चांदी की पायल, दो जोडी चाँदी के कमर के गुच्छे व गुडिया पत्नी नन्दकिशोर का मंगलसूत्र लेकर चली गयी। समय बीत जाने के बाद महिला आरोपित को वापस न आता देख उसकी खोजबीन करने के बाद भी कोई जानकारी न मिलते देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### खेत से घर आ रहे ग्रामीण के साथ की मारपीट

ललितपुर` महरौनी कोतवाली के ग्राम लरगन निवासी देवेन्द्र पुत्र निहाल सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर 9 फरवरी को वह खेत से घर वापस आ रहा था। तभी रास्ते में गांव में रहने वाला विपक्षी केशव पुत्र मानसिंह उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, मना करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

### सोलर प्लांट से मोटर हुई चोरी

ललितपुर कस्बा मड़ावरा में स्थित सोलर प्लांट में लगी मोटर चोरी हो जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। कस्बा मड़ावरा निवासी गोरीबाई पत्नी दम्मू कुशवाहा ने पुलिस को 9 फरवरी को अज्ञात चोर उसके सोलर प्लांट में लगी मोटर चोरी कर ले गया। जानकारी होने पर पीडिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### चार व्यक्तियों पर मारपीट का केस दर्ज

ललितपुर थाना जखौरा के ग्राम पिसौली में एक ग्रामीण के साथ चार व्याक्तियों द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम घिसौली निवासी हरनारायन पुत्र वृन्दावन लोधी ने पुलिस को बताया कि आठ फरवरी को वह गांव में था, तभी गांव में रहने वाला चन्द्रभान सिंह पुत्र कोमल अपने तीन अन्य साथियों के साथ आकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, विरोध करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने चार नामजद आरोपितों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

### नवजात भ्रूण का शव मिला

ललितपुर जाखलौन कस्बे की कोतवाली से चंद कदम दूर छियोला माइनर में नवजात भ्रूण का शव मिला ।ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने लोकलाज के भय से मुख्य सड़क से बाएं तरफ स्थित सरदार पटेल स्टेडियम के नजदीक अवैध शिशु को बोरे में बंद कर माइनर में फेंक दिया। खेतों पर जा रहे लोगों ने जब बोरी में देखा तो उन्हें शंका हुई। जानकारी करने पर पता चला की बोरी में नवजात शिशु फेंका गया है ।

## स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं बनी लखपति

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर ग्राम पंचायत सिरसी में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी माला देवी ने स्वयं की आय तो एक लाख रुपये वार्षिक की ही, अन्य महिलाओं का भी जीवनस्तर ऊपर उठाया। सिरसी की मालादेवी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। 2013 में उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित सरस्वती स्वयं सहायता समूह का गठन किया। गांव की दस और महिलाएं जुड़ीं। इन महिलाओं ने समूह में 40 हजार रुपये की बचत की, साथ ही आपस में लेनदेन कर 15 हजार का रिवाल्विंग फंड तैयार किया। बैंक से तीन लाख रुपये का लोन मिल गया। मालादेवी ने समूह से 25 हजार का लोन लेकर सिलाई शुरू की। इसके साथ ही उसने पति गुलाबचंद को रेडीमेड के कपड़े खरीदे कर दिए, जिसे उसने आसपास के गांव में बेचा। उसकी भी आमदनी बढ़ी। माला देवी ने स्वयं को आर्थिक तौर पर मजबूत किया ही, साथ ही पति को भी रोजगार से जोड़ते हुए परिवार की आय में बढ़ोतरी की। समूह की कुछ महिलाएं ऋण भरने में सक्षम नहीं थीं।

## डॉ अग्रवाल के यहां चोरी करने वाले गिरोह पर हुई गैंगस्टर की कार्यवाही

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर आर्थिक लाभ अर्जित करने वाले अपराधियों पर कानून का शिकंजा कसने के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक द्वारा दिये गये आदेश के क्रम में शहर कोतवाली पुलिस ने सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित डॉ अग्रवाल के यहां चोरी करने वाले गैंग लीडर व उसके साथियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही करते हुये केस दर्ज कराया है। जाखलौन पुलिस ने गैंगस्टर के सामले में फरार चल रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तो वहीं फरार चल रहे गैंग लीडर की तलाश में जाखलौन पुलिस जुट गयी है।

शहर कोतवाली प्रभारी रमेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि बीते रोज वह अपने अधीनस्थों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान सिविल लाइन क्षेत्र में एक चिकित्सक यहां चोरी की घटना को अंजाम देकर भय व्याप्त करते हुये आर्थिक लाभ अर्जित करने वाले गैंग लीडर काशीराम कालोनी निवासी प्रकाश पुत्र बसंते कुशवाहा, वर्णी जैन इंटर कॉलेज के पास रहने वाले सिविल लाइन निवासी गैंग के सदस्य दीपक कुशवाहा पुत्र प्रेमनारायण, मोहल्ला रामनगर निवासी भजन कुशवाहा
उर्फ मनीष कुशवाहा पुत्र मोहनलाल व फूलचन्द्र कुशवाहा पुत्र हरचरन निवासी ग्राम मडवारी व हाल मोहल्ला सिद्धनपुरा की जानकारी दी। गैंग चार्ट पर आलाधिकारियों द्वारा अनमोदन होने के उपरांत शहर कोतवाल ने गैंग लीडर सहित गैंग में शामिल तीन सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गैंगस्टर के मामले की विवेचना जाखलौन पुलिस को दी गयी थी। गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस ने दीपक कुशवाहा, भजन कुशवाहा उर्फ मनीष व फूलचन्द्र कुशवाहा को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस फरार चल रहे गैंग लीडर की तलाश में जुट गयी है।

## ग्रामोदय महोत्सव के चौथे दिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवाचारों पर प्राचार्यो ने किया विमर्श

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में चल रहे ग्रामोदय महोत्सव के चैथे दिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवाचारों पर प्राचार्यो ने विमर्श किया। विमर्श का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020ः मुद्दे एवं चुनौतियां विषय पर नवाचारों रहा। जिसमें सतना और चित्रकूट जिले में स्थित शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्या और शिक्षकों ने सहभागिता की।

संगोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली सलाहकार प्रो. चांद किरण सलूजा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख करते हुए शिक्षा के सभी स्तरों पर लागू होने एवं कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर प्राचार्यों ने माना कि अध्ययन और अध्यापन के क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का समाधान और सम्भावनाओं की आवश्यकताओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अपनाने से नवाचारों को नवीन और सकारात्मक दिशा मिली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय केअधिष्ठाता प्रो नंद लाल मिश्रा ने की। डॉ साधना चैरसिया ने सरकार की शिक्षा नीति पर विचार रखे।

इस विमर्श का संयोजन और संचालन डॉ श्याम सिंह गौर ने किया। इस संगोष्ठी में योगेश चन्द मिश्र प्राचार्य शा.उ.मा.विद्यालय कामता चित्रकूट, अशोक कुमार दुबे प्राचार्य एकलब्य विद्यालय चित्रकूट एवं अन्य प्राचार्यो ने अपने विचार रखे।

ग्रामोदय महोत्सव कार्यक्रमों की श्रंखला में आज वाल्मीकि सभागार में पूरा छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामोदय विकास पर चिंतन हुआ। सम्मेलन का संयोजन डॉ सूर्य प्रकाश शुक्ला ने किया। खेल मैदान मे संपन्न खेल कूद प्रतियोगिता के रूप में क्रिकेट पुरुष और वॉलीबाल का रोचक मैच हुआ। खेल प्रतियोगिता का संयोजन डॉ विनोद कुमार सिंह ने किया। विवेकानंद सभागार में ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल को प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता का संयोजन डॉ विवेक फडनीस ने किया। संपन्न विभिन्न कार्यक्रमों में ग्रामोदय विश्व विद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### कल होगा साक्षात्कार

चित्रकूटः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पैरालीगल वालेण्टियर्स की नियुक्ति से सम्बन्धित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 13 फरवरी गुरुवार को निर्धारित किया गया है। जिसमें आवेदकगण समय से उपस्थित हों।

### एक को होगी पेंशन अदालत

चित्रकूटः वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा आयुक्त के निदेर्शानुसार आगामी एक मार्च को पूर्वाह्न 11:00 बजे आयुक्त कार्यालय बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों व कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई आयोजित की जायेगी। बताया कि पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मंडल बाँदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 15 फरवरी सांय चार बजे तक प्राप्त कराए जा सकते हैं। साथ ही पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में भी प्राप्त करायेंगे।

## जाखलौन चौकी में पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर जाखलौन कस्बे में बनी चौकी में बड़े दिनों के बाद रविदास जयंती व आगामी त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन किया गया और रविदास जयंती के उपलक्ष में निकलने वाले जुलूस की विस्तृत जानकारी ली और शांति व सौंदर्य पूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ पड़े ही हर्षोल्लाह सब खुशी से त्योहार मनाने का दिया गया संदेश बैठक में जाखलौन थाना प्रभारी हरिशंकर चंद्र, व उप निरीक्षक धर्मेंद्र, कांस्टेबल अंकित तिवारी, वह अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। ग्राम के जगदीश प्रसाद जैन, एड. नवनीत शर्मा, राधाकांत गोस्वामी, विवेक जैन, मोदी शिखर चंद जैन वरिष्ठ पत्रकार, आशुतोष सोनी, प्रदुमन तिवारी, संतोष दुबे, प्रवेश शर्मा, दयाराम कुशवाहा, और कस्बे के अन्य कई ग्रामीण मौजूद रहे। जिसमें राधाकांत गोस्वामी व एडवोकेट नवनीत शर्मा पीस कमेटी की बैठक में अपनी बात रखी जिसमें उन्होंने कहा की ग्राम प्रधान द्वारा मीट मछली की दुकानों के लिए अलग से जगह दी गई थी इसके ऊपर दुकान लगती रही धीरे-धीरे करके सभी दुकानें सार्वजनिक स्थान पर आ गई है । जिससे आने जाने वाले कई श्रद्धालुओं व पर्यटक क्षेत्र देवगढ़ में आने जाने वाले कई यात्रियों को काफी असुविधा होती है। जिससे एडवोकेट नवनीत शर्मा ने अपनी बात थाना प्रभारी के पास रखी जिसमें उन्होंने कहा मैं उप जिलाधिकारी को बुलाकर अति शीघ्र आप लोगों की समस्या का हल करूंगा बैठक में उपस्थित सभी लोग थाना प्रभारी की बातों से संतुष्ट हुए।



## संवेदनशील जानकारी को फोन कॉल्स पर न करें साझा- डीएम



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार ह्लसुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यशालाह्ल कार्यक्रम का आयोजन ऑडिटोरियम भवन में किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने सभी को संभलकर इंटरनेट का इस्तेमाल करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि इंटरनेट पर्सनल एवं प्रोफेशनल जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने सभी को कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करने, अनियंत्रित आधार भुगतान सूचनाओं से सतर्क रहने एवं अज्ञात नंबरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी। यह अलग-अलग तरह के स्कैम के तरीके हो सकते हैं। बताया कि ट्राई या टेलीकॉम विभाग के नाम पर आने वाली कॉल्स पर किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा न करें और अपनी डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखें। मोबाइल फोन पर सभी एप्स की नियमित जांच करते रहे तथा अनावश्यक अनुमतियां रद्द करें और अनुपयोगी एप्स को हटा दें। कहा कि कोई सरकारी एजेंसी (पुलिस, सीबीआई, ईडी) या वायस कॉल्स के माध्यम से आपकी जांच या गिरफ्तारी नहीं कर सकती। साथ ही संवेदनशील लेनदेन के लिए सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करने से बचे। उन्होंने उपस्थित ग्राम पंचायत, सहायक प्रधान व जन सुविधा केंद्र के लोगों को निर्देशित किया कि साइबर अपराधों से बचते हुए सभी को जागरूक करें तथा ऐसी घटना होती है होने पर तत्काल थाना जाकर अवगत कराए। उन्होंने जिला सूचना विज्ञान विभाग को साइबर अपराधों के बचाव के तरीकों का प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, जन सुविधा केंद्र सहित एनआईसी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्री-ट्रालय बैठक कर सुलह-समझौते के आधार पर वाद निस्तारण को दिया जोर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए मोटर दुर्घटनादावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को प्री-ट्रायल बैठक आयोजित की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि प्री ट्रायल बैठक में मोटर दुर्घटनादावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए पक्षकारों व उनके अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में वादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने के लिए विशेष बल दिया। इस मौके पर अधिवक्ता नवीनचन्द्र त्रिपाठी, हरीनारायण, राजकिशोर त्रिपाठी, प्रयुम्न नारायण मिश्रा, मोहनलाल विश्वकर्मा, कमलाकान्त मिश्रा, नन्दकिशोर, शिवकृष्ण त्रिपाठी, अशोक कुमार गुप्ता, राकेश प्रकाश शुक्ला, आदर्श कुमार श्रीवास्तव, देवमूरत वर्मा, सत्येन्द्र निगम, राजीव, जगदीश तिवारी, राजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

मनीष मीणा हत्याकाण्ड में आमरण अनशन पर बैठे 19 लोगों अनशन समाप्त*

# स्व.मनीष के पिता रामलक्ष्मण मीणा व कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने तुड़वाया अनशन

## प्रशासन ने राज्य सरकार को भेजा प्रस्ताव,केस ऑफिसर स्कीम में लिया केस

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 11 फरवरी।मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर 19 अनशनकारियों का आमरण अनशन मंगलवार को छठे दिन समाप्त हो गया। मनीष मीणा के पिता रामलक्ष्मण मीणा और कांग्रेस नेता पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने जूस पिलाकर सभी अनशनकारियों का अनशन तुड़वाया। मनीष मीणा की मां गायत्री देवी की लगातार गिरती हुई सेहत और अनशनकारियों के स्वास्थ्य में गिरावट के बाद मनीष मीणा के पिता राम लक्ष्मण मीणा ने भावुक होकर को सभी अनशनकारियों से अनशन समाप्त करने का आग्रह किया।




**अपना बेटा खो चुका हूँ और को नही खोना चाहता**

स्व.मनीष मीणा के पिता रामलक्ष्मण मीणा ने मनीष की मां गायत्री देवी की गम्भीर स्थिति व सभी अनशनकरियो के गिरते हुये स्वास्थ्य को देखते हुये कहा सभी अनशनकारियों से कहा कि मैं अपना बेटा खो चुका हूं लेकिन अब और किसी को नहीं खोना चाहता।

**जिला प्रशासन ने भेजा प्रस्ताव**

वहीं जिला प्रशासन की ओर से आंदोलन के दौरान अनशन का हवाला देते हुये अनशनकारियों द्वारा की जा रही मनीष मीणा के परिवार को एक करोड रुपये की सहायता की मांग का उल्लेख करते हुये राज्य सरकार कोभेजे गये प्रस्ताव की प्रति दी गयी।वही जिला पुलिस द्वारा केस ऑफिसर स्कीम में इस केस को लेने के आदेश की प्रति भी दी गयी।स्व.मनीष मीणा के पिता के आग्रह और अनशनकारियों के स्वास्थ्य को देखते हुये मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा ने अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया।

**चिकित्सालय व कलेक्ट्रेट पर तुड़वाया अनशन**

राजकीय सामान्य चिकित्सालय में भर्ती अनशनकारी राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा,स्व.मनीष मीणा की माँ गायत्री बाई,हरिओम मीणा,समाजसेवी डॉ किशनलाल मीणा,टोनू मीणा व बच्ची बाई मीणा,पूर्व सरपंच किशनलाल सैनी,पप्पूलाल मीणा व हजारी बाई मनीष मीणा के पिता राम लक्ष्मण मीणा और कांग्रेस नेता पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया।प्रहलाद गुंजल ने सभी अनशनकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।मनीष के पिता का भी सभी ने माल्यार्पण कर व जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया।वहीं बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर आमरण अनशन स्थल पर अनशन कर रहे मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा, ग्रामीण छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा,उलेड़ा के पूर्व सरपंच नेमीचन्द वर्मा,नया गांव उपसरपंच मदनलाल गुर्जर,ग्रामीण छात्र नेता नीरज मीणा करजूना, समाजसेवी धन्नालाल मीणा, सोहनलाल मीणा, रामदेव मीणा, मीरा बाई जिला कलेक्ट्रेट पर स्वर्गीय मनीष मीणा के पिता राम लक्ष्मण मीणा और कांग्रेस नेता प्रहलाद कुंजल ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया और सभी अनशनकारियों का स्वागत किया।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर मीणा समाज के संरक्षक पूर्व प्रधान जयकिशन मीणा,अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष हरिप्रसाद कवरिया,पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा एडवोकेट हेमराज मीणा नाडाहेत, युवा जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा, एडवोकेट देवराज मीणा, पूर्व सरपंच चेतराम मीणा, हरीश मीणा,जितेंद्र शर्मा, अनिल मीणा, देवकरण मीणा, सौभागमाल मीणा,रामेश्वर मीणा, युवा मीणा अध्यक्ष मुकेश मीणा, राकेश आमली, रामस्वरूप मीणा,पन्नालाल मीणा,जयप्रकाश मीणा, गीत राम मीणा, लेखराज मीणा सुरेश मीणा ,विनोद मीणा, मनोज मीणा, जेके मीणा आदि उपस्थित रहे।

**सरकार संवेदनहीन हुयी-गुंजल**

कोटा बूंदी लो सभा क्षेत्र से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे कांग्रेस नेता पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजन ने कहा कि मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय को लेकर राज्य सरकार संवेदनहीनता पर उतर गई है पीड़ित परिवार को सहायता कस प्रस्ताव भेजना और अभी तक सहायता नहीं देना असहनीय है उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर आगे आंदोलन किया जायेगा।

# भाजपा ने एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पद पर महावीर अग्रवाल को किया नियुक्त

**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी! भारतीय जनता पार्टी ने एससी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष महावीर अग्रवाल को बनाया!

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जी मेघवाल जयपुर के निदेर्शानुसार एवं बूंदी जिला अध्यक्ष सुरेश जी अग्रवाल की सहमति से एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भारत जी वर्मा द्वारा ठिकरिया चारणान के महावीर ऐरवाल को एससी मोर्चा बूंदी जिलाउपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया



समाज के कई मंचों से सम्मानित हुए महावीर ऐरवाल ने भारतीय जनता पार्टी का आभार जताया।

# नैनवां उप कारागृह का किया निरीक्षण

बून्दी, 11 फरवरी। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा जिला कारागृह एवं उपकारागृह नैनवां का निरीक्षण किया गया।

उन्होने बताया कि कारागृहों में विधिक सेवा क्लिनिक, सी.सी.टी.वी.विंग ,टेलीफोन कक्ष, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेन्सरी, स्नानागार, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। कारागृहों में विचाराधीन बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता व बन्दियों के विधिक अधिकारों के बारे मे बताया गया।



उन्होने बताया कि इस अवसर पर उपाधीक्षक जिला कारागृह मानसिंह बारेठ, कार्यवाहक उपकारापाल नैनवां श्यामलाल व चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल महेन्द्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड पर महिला शौचालय निर्माण की मांग : अध्यक्ष राजेश खोईवाल



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश खोईवाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि 21वीं सदी के आधुनिक दौर में भी बूंदी बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए शौचालय का आभाव देखने को मिल रहा हैओर बस स्टैंड पर आने वाली महिलाएं खुले में शौच करने को मजबूर हो रही है यह बड़े ही शर्म की बात है बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए बनाया गया शौचालय भी टूटा फूटा व साफ सफाई के अभाव में गंदगी से अटा पड़ा है जिसमें महिलाओं का अंदर जाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है इस वजह से बूंदी बस स्टैंड पर आने वाली महिलाओं को सबके सामने खुले में टॉयलेट करने को मजबूर होना पड़ रहा है जोकि आधुनिक दौर के सभ्य समाज में बहुत ही लज्जा और शर्म की बात है, खोईवाल ने कहा कि हम मिलकर बूंदी बस स्टैंड आने वाली समस्त महिलाओं की गरिमा और मान सम्मान को कायम रखने के लिए सुव्यवस्थित शौचालय का जल्द निर्माण करवाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत करवाएंगे

इसके लिए संघर्ष करना पड़ा तो भी हम पीछे नहीं हटेंगे बस स्टैंड पर महिलाओं की गरिमा व मान सम्मान की रक्षा के लिए जल्द से जल्द सुव्यवस्थित शौचालय निर्माण होना अति आवश्यक है

इससे पूर्व भी कई बार जिम्मेदारों से शिकायत की जा चुकी है लेकिन किसी के कान में कोई जू नहीं रेंगी अब तो प्रशासन को जगाना ही पड़ेगा यहां के नेताओं से भी कहना चाहता हूं की बूंदी वासियों को बड़े-बड़े सपने दिखा कर गुमराह करने की जगह बूंदी की जनता के लिए छोटी-छोटी मूलभूत की आवश्यक सुख सुविधा व सम्मान की चीजों का निर्माण करवाकर जनता को राहत देने का काम करे

# रामदयाल मीणा ने अपने जन्मदिन पर 36वि बार किया स्वैच्छिक रक्तदान

## रामदयाल मीणा ने एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत किया रक्तदान

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! समाजसेवी रामदयाल मीणा के जन्म दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजित हुआ! रक्तदान कर मीणा का जन्म दिन मनाया! रक्तदान की जागरूकता के लिए चलाए जा रहे एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत रामदयाल मीणा ने अपने जन्मदिन पर आज 36वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया है रक्तदान कर रामदयाल मीणा ने कहा कि बूंदी में रक्त की कमी को दूर करने के लिए चलाए जा रहे एक रक्तदान पिता के नाम अभियान से जुड़कर आज मैंने 36वी बार रक्तदान किया है और मुझे डबल खुशी है कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर मैंने अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में रक्तदान किया है बूंदी के युवाओं को भी इस जीवन बचाने की मुहिम के अभियान से जुड़कर अपने पिता को गौरवान्वित करने के लिए रक्तदान जरुर करना चाहिए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इससे किसी गंभीर बीमार या दुर्घटना में घायल मरीज को जीवनदान मिलता है इस दौरान हेमराज सैनी सूरज राठौर रवि कुमार सोनू डगोरिया सहित बल्ड बैंक स्टाफ मौजूद रहा



## अवैध बजरी खनन के खिलाफ पीसांगन पुलिस का अभियान, बजरी परिवहन कर रही तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

अजमेर। अवैध बजरी परिवहन के मामले में जिले की पीसांगन थाना पुलिस ने कार्रवाई कर तीन ट्रैक्टर ट्रॉली मय बजरी के जब्त की हैं। गौरतलब है कि पुलिस द्वारा जिले में अवैध बजरी खनन, परिवहन और भंडारण रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिले के पीसांगन थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की हैं। यह कार्रवाई राज्य सरकार के निदेशों के तहत अवैध बजरी खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीपक कुमार और वृत्ताधिकारी रामचंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में पीसांगन थानाधिकारी प्रहलाद सहाय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पीसांगन तहसीलदार भागीरथ चौधरी द्वारा पुलिस को अवैध बजरी परिवहन की सूचना दी गई थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए पकड़ा। तीनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है। थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि अवैध बजरी खनन और परिवहन से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है और यह कानून का उल्लंघन भी है। पुलिस ने खनिज अभियंता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, जिला अजमेर को इस कार्रवाई की जानकारी दे दी है, ताकि आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# आज JEE मेंस में तरुण ने 99.80 पर्सेंटाइल प्राप्त कर जिला टॉप किया

## सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं - आजाद चौधरी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल : खैरथल के ई पी स्कूल का परिणाम सर्वोतम रहा ई पी निदेशक आजाद चौधरी ने बताया कि इंजीनियर्स पॉइंट खैरथल में 12वीं कक्षा में अध्ययनरत तरुण पुत्र श्री किशन सिंह निवासी खैरथल ने आईआईटी मेंस में 99.80 पर्सेंटाइल, नितेश पुत्र श्री विक्रम सिंह 98.96 पर्सेंटाइल, तरुण यादव पुत्र श्री हरकेश यादव 97.94 पर्सेंटाइल, हिमांशु भूटानी पुत्र श्री लक्ष्मी चंद सिंधी 97.53 पर्सेंटाइल, आदित्य गोठवाल पुत्र श्री राजेश कुमार 97.18 पर्सेंटाइल, आयुष जांगिड़ पुत्र श्री प्रमोद जांगिड़ 96.29 पर्सेंटाइल, राहुल पुत्र श्री मुकेश कुमार 95.24 पर्सेंटाइल, साहिल कुमार पुत्र श्री सन्नू कुमार 93.64 पर्सेंटाइल, खनक शर्मा पुत्र श्री हरि शरणम शर्मा 93.15 पसेर्टाइल, अतुल पुत्र श्री भीम सिंह सांवरिया 93.09 पर्सेंटाइल प्राप्त की है। आजाद चौधरी ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उसके लिए लगातार बिना थके अनवरत मेहनत करनी पड़ती है। अब इंजीनियर्स पॉइंट लगातार आईआईटी, नीट जैसे बड़े बड़े एग्जाम में बच्चों को घर जैसे माहौल में पढ़ा कर लगातार 12वीं क्लास के साथ रिजल्ट दे रहा है। अब कहीं अन्य जगह क्यों जाना, जब ऐसे रिजल्ट ई पी प्रतिवर्ष दे रहा है। इस रिजल्ट से पूरे स्टाफ ने बम पटाखे चलाकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है।




# जेईई मेन्स परीक्षा के साथ संभावित टकराव के कारण बोर्ड ने परीक्षा कार्यक्रम बदला, नई तिथियां जारी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अजमेर ।जेईई मेन्स सेशन 2 की परीक्षा तिथियों के साथ संभावित टकराव को देखते हुए आरबीएसई ने उच्च माध्यमिक परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया है। इस संबंध में बोर्ड ने नई तिथियां जारी की हैं, जिसके बारे में बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (फ्ङ्घरए) ने उच्च माध्यमिक परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन किया है। यह बदलाव जेईई मेन्स सेशन 2 परीक्षा की तिथियों के साथ संभावित टकराव को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बोर्ड सचिव कैलाशचंद्र शर्मा ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। विद्यार्थी वहां जाकर नई तिथियों की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**सिंशोधित परीक्षा तिथियां**

संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत वाङ्मय की परीक्षा अब 22 मार्च के बजाय 9 अप्रैल को होगी।

समाजशास्त्र की परीक्षा 27 मार्च से बदलकर 3 अप्रैल कर दी गई है।




ऋग्वेद, शुक्ल यजुर्वेद, कृष्ण यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, न्याय दर्शन, वेदांत दर्शन, मीमांसा दर्शन, जैन दर्शन, निंबार्क दर्शन, वल्लभ दर्शन, सामान्य दर्शन, रामानंद दर्शन, व्याकरण शास्त्र, साहित्य शास्त्र, पुराण इतिहास, धर्मशास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, वास्तु विज्ञान एवं पुरोहिती शास्त्र की परीक्षा 1 के बजाय 4 अप्रैल को होगी।

इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि रसायन विज्ञान और रसायन विज्ञान की परीक्षा 3 अप्रैल के स्थान पर अब 22 मार्च को आयोजित होगी।

कंप्यूटर विज्ञान और इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस की परीक्षा 7 अप्रैल से बदलकर अब 27 मार्च को होगी।

बोर्ड ने सभी विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे नए परीक्षा टाइम टेबल के अनुसार अपनी तैयारी करें।जेईई मेन्स सेशन 2 की परीक्षा तिथियों के साथ संभावित टकराव को देखते हुए आरबीएसई ने उच्च माध्यमिक परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया है। इस संबंध में बोर्ड ने नई तिथियां जारी की हैं, जिसके बारे में बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (फ्ङ्घरए) ने उच्च माध्यमिक परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन किया है। यह बदलाव जेईई मेन्स सेशन 2 परीक्षा की तिथियों के साथ संभावित टकराव को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बोर्ड सचिव कैलाशचंद्र शर्मा ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। विद्यार्थी वहां जाकर नई तिथियों की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**संशोधित परीक्षा तिथियां**

संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत वाङ्मय की परीक्षा अब 22 मार्च के बजाय 9 अप्रैल को होगी।

समाजशास्त्र की परीक्षा 27 मार्च से बदलकर 3 अप्रैल कर दी गई है।

ऋग्वेद, शुक्ल यजुर्वेद, कृष्ण यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, न्याय दर्शन, वेदांत दर्शन, मीमांसा दर्शन, जैन दर्शन, निंबार्क दर्शन, वल्लभ दर्शन, सामान्य दर्शन, रामानंद दर्शन, व्याकरण शास्त्र, साहित्य शास्त्र, पुराण इतिहास, धर्मशास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, वास्तु विज्ञान एवं पुरोहिती शास्त्र की परीक्षा 1 के बजाय 4 अप्रैल को होगी।

इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि रसायन विज्ञान और रसायन विज्ञान की परीक्षा 3 अप्रैल के स्थान पर अब 22 मार्च को आयोजित होगी।

कंप्यूटर विज्ञान और इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस की परीक्षा 7 अप्रैल से बदलकर अब 27 मार्च को होगी।

# युवक की गला घोंटकर हत्या, जंगल में फेंका शव

## 24 घंटे से लापता था युवक, मृतक के भाई की ओर से एक आरोपी के विरूद्ध नामजद मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** 24 घंटे से लापता युवक की गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को जंगल में बने खडंजे पर फेंक दिया गया। सूचना पर एएसपी ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक के भाई की ओर से एक नामजद आरोपी के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

कैराना हल्का नंबर–1 बाहर हदूद रजवाहे की पटरी के निकट जंगल में कुछ किसान मंगलवार की प्रातः करीब साढ़े दस बजे अपने खेतों पर जा रहे थे। इसी दौरान लिंक मार्ग से जुड़ने वाले खेतों के बीच बने खडंजे पर एक युवक का शव पड़ा हुआ दिखाई पड़ा। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर आसपास के किसानों और ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई। मृतक की शिनाख्त धर्मवीर उर्फ भूरा उर्फ सागर (35) निवासी गांव कंडेला के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी ने मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद एएसपी संतोष कुमार और सीओ श्याम सिंह फोरेंसिक यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों से जानकारी हासिल की। परिजनों ने बताया कि धर्मवीर उर्फ भूरा उर्फ सागर एक दिन पहले सुबह करीब दस बजे युवक के साथ गया था, जिसके बाद से वह लापता हो गया था। धर्मवीर गला बेल्ट से घोंटा हुआ था और बेल्ट उसके गले में ही बंधी थी। बेल्ट के साथ ही कपड़ा भी बांधा गया था। संभावना है कि उसकी हत्या करने के बाद शव को खडंजे पर लाकर फेंका गया। वहीं, फोरेंसिक यूनिट द्वारा मौके पर साक्ष्य जुटाए गए। अधिकारियों ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया जा रहा है कि मृतक के एक बेटा और एक बेटी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। उधर, मृतक के भाई सुंदर की ओर से गांव के ही अंकुर के विरूद्ध हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है।




### युवक की खोज में हरियाणा तक गए थे परिजन

मृतक के भाई सुंदर ने बताया कि सोमवार को उसके भाई के लापता होने पर वह तलाश कर रहे थे। इस दौरान दोपहर करीब तीन बजे गांव के सागर नामक युवक ने उसके भाई को झिंझाना थाना क्षेत्र के बिडौली पुल के नीचे होने की सूचना दी थी। बताया था कि वह अंकुर की बाइक पर शामली की ओर जाते दिखा है। इसके बाद वह भाई को देखने वहां पहुंचा था। हरियाणा के करनाल तक भी गया था। लेकिन, कोई सुराग नहीं लग पाया था।

### मृतक का एक जूता भी मिला गायब

धर्मवीर उर्फ भूरा का शव अकड़ा हुआ था। मृतक के दाहिने पैर का जूता भी गायब था। संभावना जताई जा रही है कि शव को रात में किसी समय लाकर फेंका गया हो। यदि ऐसा हुआ, तो घटना में कई आरोपी शामिल हो सकते हैं। बहरहाल, गिरफ्तारी के बाद घटना से पर्दा उठ जाएगा। पुलिस तमाम बिंदुओं पर कार्रवाई में जुट गई है।

**इन्होंने कहा—**
घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।
**–बिजेंद्र सिंह रावत**
कोतवाली प्रभारी कैराना

# डीएम ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## फिजियोथैरेपी कक्ष में सफाई न मिलने पर डीएम ने जताई कडी नाराजगी, दिए निर्देश

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने मंगलवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने फिजियोथैरेपी कक्ष में साफ सफाई न मिलने पर कडी नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। डीएम ने मरीजों से वार्ता कर उपचार के संबंध में भी जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। डीएम को देखते ही अस्पताल में हडकंप मच गया। डीएम ने इमरजैंसी कक्ष, प्लास्टर कक्ष, एक्सरे रुम, अल्ट्रासाउंड, ओपीडी, एसटीडी क्लीनिक, रजिस्ट्रेशन काउंटर, पैथोलोजी लैब, एसएनसीयू, एनआरसी व वार्डों का निरीक्षण किया। फिजियोथैरेपी कक्ष में साफ सफाई न मिलने पर डीएम ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। डीएम ने महिला एवं पुरुष वार्ड में भर्ती मरीजों से मिल रही चिकित्सा सुविधा की भी जानकारी ली, जहां मरीजों ने उपचार में संतोष जताया। डीएम ने ओपीडी के दौरान मरीज को लंबे समय तक लाइन में खडा न रखने तथा उनके पर्चे जमा कर एक-एक को आवाज लगाकर अंदर बुलाए जाने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को परेशानियों का सामना न करना पडे। डीएम ने रजिस्ट्रेशन काउंटर का निरीक्षण करते हुए पुरुष, महिला, विकलांग, वृद्धजन, भूतपूर्व सैनिकों के लिए निर्देशिका पट्टिका लगाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, सीएमएस किशोर आहूजा आदि भी मौजूद रहे।



# आरोपियों को थाने से छोड़ने का प्रकरण मानव अधिकार आयोग तक पहुंचा

## पुलिस महानिदेशक लखनऊ, आयुक्त सहारनपुर, पुलिस अधीक्षक शामली को भी भेजा शिकायत पत्र

एनपीटी संवाददाता

**कांधला।** कांधला थाना प्रभारी के द्वारा अभियुक्तों को थाने से भगा देने के मामले में पीडित ने मानव अधिकार आयोग के साथ - साथ उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव भनेडा निवासी सूरजवीर ने मानव अधिकार आयोग, पुलिस महानिदेशक लखनऊ, आयुक्त सहारनपुर, पुलिस अधीक्षक शामली को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि वाद संख्या - 18434 सन् 2023 सुरजवीर बनाम कामिल, धारा - 138 एन0आई0एक्ट थाना कांधला व एक वाद सं0 - 763 सन् 2024 सुरजवीर बनाम अली मौहम्मद धारा - 138 एन0आई0एक्ट थाना कांधला न्यायालय सिविल जज (जू0डि0/एफ0टी0सी0) शामली में विचाराधीन है। उक्त दोनों वाद अभियुक्तगणों के विरूद्ध माननीय न्यायालय से गैर जमानती वांरट जारी होकर थाना कांधला की चौकी एलम पर जारी हुए थे। चौकी इंचार्ज एलम द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानतीय वारंट के अनुपालन में दिनांक 06 फरवरी को अभियुक्त कामिल पुत्र अलीशेर निवासी ग्राम भनेडा थाना कांधला व अभियुक्त अली मौहम्मद पुत्र अलीशेर निवासी ग्राम भनेडा को गिरफ्तार कर चौकी पर ले आएं और उसके बाद चौकी प्रभारी के द्वारा उसे कांधला थाने में थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार के समक्ष पेश किया गया था। जहां से थाना प्रभारी निरीक्षक कांधला ने उसे मौके से समय लगभग 04 बजे शाम को मुल्जिमान से साठ गांठ करके कामिल व अली मौहम्मद को छोड़ दिया। जिस पर पीडित ने थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार से फोन पर बात की तो उन्होंने चौकी प्रभारी एलम की गलती बताते हुए गाली देते हुए कहा कि उन्हें आरोपी को थाने नहीं लेकर आना चाहिए था, तथा प्रार्थी को उन्होंने कानून का पाठ पढाना शुरू कर दिया, जिसकी रिकांर्डिंग साक्ष्य के रूप में प्रार्थी के पास उपलब्ध है। जिसकी शिकायत प्रार्थी ने समाधान दिवस 08 फरवरी को थाना प्रभारी कांधला से लेकर जनपद के उच्चाधिकारियों को की थी। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक कांधला ने पुलिस अधीक्षक शामली को बताया कि उक्त अपराधियों ने माननीय न्यायालय से रिकॉल करा लिया था। जिस कारण दोनों अपराधियों को छोड दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार के द्वारा पुलिस अधीक्षक शामली से निराधार व झूठ बोलकर उन्हें गुमराह किया गया है। उक्त दोनों अपराधियों ने माननीय न्यायलय में दिनांक 10 फरवरी में लगभग 11 बजे दोपहर के समय उपस्थित होकर अपना रिकॉल कराया है। माननीय न्यायालय द्वारा दोनों अपराधियों को रिकॉल 10 फरवरी को दी गई है। जिससे स्पष्ट है कि थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार के द्वारा 08 फरवरी 2025 में दोनों अपराधियों के द्वारा रिकॉल कराने की बात पुलिस अधीक्षक शामली को झूठ बोलकर गुमराह किया गया है। पीडित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।




### मेरठ-करनाल हाइवे पर अज्ञात कार ने बाइक में मारी

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लांक चौकी के निकट मेरठ हाईवे पर अज्ञात कार द्वारा बाईक में टक्कर मार दिए जाने से दो बच्चों सहित देवर–भाभी घायल हो गए। घायल को सीएचसी शामली में भर्ती कराया गया, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया।
सहारनपुर क्षेत्र के गंगोह निवासी परवेज अपनी भाभी आसमा पत्नी अब्दुल रहमान दो बच्चों 4 वर्षीय आसिबा व 5 वर्षीय आतिफा के साथ बाईक पर सवार होकर किसी कार्य से मेरठ जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह लांक चौक के निकट मेरठ रोड पर पहुंचे तो इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात कार सवार ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर लांक चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी शामली में भर्ती कराया।

### असामाजिक तत्व करते हैं स्कूली छात्राओं का पीछा, करते हैं आतंकित

**शामली।** मौहल्ला दयानंदनगर के निवासियों ने असामाजिक तत्वों पर छात्राओं का पीछा करने व पटाखा बुलेट से लोगों को आतंकित करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मौहल्ला दयानंदनगर वार्ड 16 के सभासद अनिल कुमार उपाध्याय व अन्य लोगों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मौहल्ले में स्थित दो स्कूलों की छुट्टी होने के बाद असामाजिक तत्वों द्वारा कौशाम्बी विहार व गली नंबर 10 में छात्राओं का पीछा किया जाता है तथा पटाखा बुलेट का इस्तेमाल कर लोगों को भी आतंकित किया जा रहा है जिस कारण छात्राओं को डर के बीच अपने घरों को जाना पड रहा है। उन्होंने स्कूलों की छुट्टी के दौरान पुलिस कर्मियों की व्यवस्था करने की मांग की है।

## संक्षेप समाचार :

### हरियाणा क्राइम यूनिट ने दी दबिश

कैराना। चोरी के आरोपी की तलाश में हरियाणा क्राइम यूनिट ने नगर के मोहल्ले में दबिश दी। मंगलवार को हरियाणा के जनपद हिसार के क्राइम यूनिट में तैनात एसआई धर्मवीर ने अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंचकर आमद दर्ज कराई। एसआई धर्मवीर ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र के चोरी के मामले में मोहल्ला दरबारखुर्द कैराना निवासी एक आरोपी वांछित है। टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मोहल्ला दरबारखुर्द में दबिश दी। लेकिन, सफलता नहीं मिली।

### तमंचा सप्लायर की तलाश में पहुंची हरियाणा पुलिस

कैराना। हरियाणा पुलिस ने तमंचा सप्लायर की तलाश में दबिश दी। इस दौरान सफलता नहीं मिली। मंगलवार को हरियाणा के जनपद पानीपत में सीआईए में तैनात एसआई अनिल कुमार अपनी टीम साथ कोतवाली में पहुंचे और आमद दर्ज कराई। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से गांव दभेड़ीखुर्द में दबिश दी। हालांकि, पुलिस को सफलता नहीं मिली। बताया गया कि दभेड़ीखुर्द निवासी आरोपी की तमंचा सप्लाई करने के मामले में हरियाणा पुलिस को तलाश थी। बाद में टीम को बेरंग ही लौटना पड़ा।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

कैराना। किशोरी को बहला–फुसलाकर अपहरण कर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। दो दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी से 17 वर्षीय किशोरी को बहला–फुसलाकर अपहरण करने का मामला सामने आया था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया, जिसके मेडिकल के लिए भेज दिया गया। इसके अलावा आरोपी तसव्वर निवासी गांव तितरवाड़ा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# ट्यूबवैलों पर चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने से आक्रोश

एनपीटी संवाददाता

**कांधला।** लगभग दो दर्जन किसानों की ट्यूबवेलों पर हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा ना होने पर किसानों ने बैठक कर रोष प्रकट किया है। किसानों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर घटनाओं के खुलासे और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।
प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद चोर, गुंडे और माफिया भूमिगत हो गए है। अपराधियों ने उत्तर प्रदेश को ही छोड़ दिया है लेकिन क्षेत्र में चोर पूरी तरह से सक्रिय है। पिछले दिनों चोरों ने लगभग दो दर्जन किसानों को अपना निशाना बनाते हुए एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को बेखौफ होकर अंजाम दिया है लेकिन पुलिस चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं कर पाई है। क्षेत्र के गांव चढ़ाव में किसानों की ट्यूबवेलों पर हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने से नाराज किसानों ने एक बैठक कर रोष प्रकट किया। किसान जसबीर का कहना है कि महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई है। ऐसे में किसान के सामने खेतों पर समान रखने को लेकर बड़ी परेशानी बनी हुई है। किसान रहतु का कहना है कि समान चोरी हो जाने के डर से उनको रात्रि में खेतों पर कई बार जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पोर्टल पर पूरे मामले से अवगत कराते हुए चोरी की घटनाओं के खुलासे और क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। इस दौरान प्रीतम, बिजेपाल, नवाब, जितेंद्र, ऋषिपाल, महिपाल, सतपाल मौजूद रहे।



# करोडों की हेराफेरी, ईडी की शामली में छापेमारी

**शामली।** शामली सहित आसपास के जिलों के भोले भाला लोगों द्वारा विदेशी क्रिप्टो करेंसी की कंपनी में भारी भरकम पैसा लगाया गया है। पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के सलेक बिहार का है। जहां मोहल्ले में मंगलवार सुबह उसे वक्त अफरा तफरी मच गई। जब सीआरपी के जवानों के साथ चंडीगढ़ से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने एक मकान पर दबिश दी। बताया जा रहा है कि उक्त मकान में डांगरौल रोड कांधला निवासी नवाब नामक व्यक्ति किराए पर अपने परिवार के साथ रहता है और वह क्रिप्टो एजेंसी में भोले भाला लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच देकर उनकी गाढ़ी कमाई क्रिप्टो एजेंसी में लगवाता है। सूत्रों की माने तो उक्त व्यक्ति द्वारा ठगी का यह जाल शामली सहित आसपास के कई जिलों में फैलाया गया है और लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की गई है। जिसके संबंध में रेड डालने पहुंची ईडी की टीम ने घंटे तक बंद दरवाजा के पीछे नवाब व उसके परिवार के अन्य लोगों से विस्तृत पूछताछ की। इस दौरान ईडी की टीम ने घर के बराबर में खाली पडे प्लॉट में खड़ी गाड़ियों की तलाशी भी ली। इस दौरान ईडी की टीम को वहां से क्या कुछ मिला है। इसके बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। वही बताया जा रहा है कि उक्त कंपनी का मालिक जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला है और करोड़ों रुपए का गबन कर दुबई में जा बैठा है। ईडी की कार्रवाई से मोहल्ले वासियों व जिन लोगों के द्वारा उक्त व्यक्ति के माध्यम से क्रिप्टो एजेंसी में पैसे लगाए गए हैं, उनमे हड़कम मचा हुआ है। और यहां क्या कुछ हो रहा है यह देखने के लिए लोगों का जमावड़ा भी लगा हुआ है।

# अचानक टायर फटने से असंतुलित होकर पलटा ट्रक

## सहटा पुल पर हादसा, ट्रक की टक्कर से पुल की रेलिग क्षतिग्रस्त, बडा हादसा टला, बाल–बाल बचे लोग





एनपीटी संवाददाता

**शामली।** आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव सहटा पुल पर मंगलवार की दोपहर अचानक टायर फट जाने से ट्रक असंतुलित होकर पुल की रेलिंग से जा टकराया जिससे ट्रक में सवार तीन लोग जख्मी हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने क्रेन मंगाकर ट्रक को सीधा कराकर वहां से हटाया।

### पांच लोग जख्मी, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, क्रेन की मदद से हटाया गया ट्रक

जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर खेकडा से गंगोह स्थित भट्टे पर जा रहा एक ट्रक जैसे ही आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव सहटा पुल पर पहुंचा तभी अचानक उसका टायर फट गया जिससे ट्रक असंतुलित होकर पुल की रेलिंग से जा टकराया और पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार तीन लोग गुलफाम, रोजो खान व गुल मौहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दो अन्य को मामूली चोटें आयी। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे तथा ट्रक में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला तथा पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर आदर्श मंडी पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक की टक्कर से पुल की रेलिग भी क्षतिग्रस्त हो गयी जिससे पुल के नीचे से गुजर रहे कई लोग बाल-बाल बच गए जिससे एक बडा हादसा भी टल गया। ट्रक के पलटने से पुल पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। बाद में पुलिस ने क्रेन को मौके पर बुलाकर ट्रक को सीधा कराकर वहां से हटाते हुए यातायात सुचारू कराया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

# गर्भ में पल रहे शिशु की हत्या सबसे बडा पापः सौरभ सागर महाराज

## वीवी कालेज में आयोजित पंचकल्याण महोत्सव में विधि विधान से हुई पूजा अर्चना

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** शहर के वीवी इंटर कालेज में आयोजित पंचकल्याण महोत्सव में मंगलवार को गर्भ कल्याणक की पूजा अर्चना की गयी जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना की। इस मौके पर जैन मुनि सौरभ सागर महाराज ने भ्रूण हत्या पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि गर्भ में पल रहे शिशु की हत्या बहुत बडा पाप है। भ्रूण हत्या पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।
शहर के वीवी इंटर कालेज में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन गर्भ कल्याणक पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठाचार्य हंसमुख राय घरियाबंद, सह प्रतिष्ठाचार्य संदीप जैन सजल हस्तिनापुर वालों ने विधि विधान से संपन्न कराई। इस मौके पर जैन मुनि सौरभ सागर महाराज ने भ्रूण हत्या पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि गर्भ में पल रहे शिशु की हत्या सबसे बडा पाप है। हिंसा की जगह अहिंसा को अपनाओ। आज हास्पिटलों में भ्रूण हत्या का काम किया जा रहा है जिस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। लाखों की संख्या में भ्रूण हत्याएं हो रही है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में विशेषता है कि जैन दर्शन अहिंसा की पद्धतियां सबसे पहले स्वीकार करता है, जैन की पद्धति पर चलना जैन माना जाता है। गुरुजी ने कहा कि जैन धर्म में किसी को पीडा पहुंचाने की पद्धति नहीं है, जैन कुल में जन्म लेने पर 50 प्रतिशत हिंसा छूट जाती है। जैन मुनि ने कहा कि तीर्थंकर के आने से पहले 6 महीने तक रत्नों की प्राप्ति होती है। इस मौके पर प्रवीन जैन, अध्यक्ष मयंक जैन, वैभव जैन, प्रवीण जैन, वीरेश जैन, रवि जैन, आलोक जैन, कमल जैन, रितेश जैन, दिनेश जैन, शरद जैन, अनिल जैन, शिशिर जैन राहुल जैन पंकज जैन मौजूद रहे।





### कंपनी पर क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत न करने का आरोप

शामली। शहर के मौहल्ला दयानंदनगर निवासी एक व्यक्ति ने गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान फटी पानी की पाइप लाइन के चलते मकान में आई दरारें व फर्श को हुए नुकसान के मामले में फर्म द्वारा मरम्मत का कार्य पूरा न करने व कोई मुआवजा भी न देने का आरोप लगाते हुए डीएम से मुआवजे की मांग की है। दयांदनगर निवासी सोमपाल ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 13 दिसम्बर को इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान पानी की पाइप लाइन के फट जाने से कई मकानों में जहां दरारें आ गयी थी वहीं कई मकानों के फर्श बैठ गए थे, मकानों की नींव में भी पानी भर गया था। मौहल्लेवासियों ने इसकी शिकायत कंपनी के प्रतिनिधि अरविन्द शुक्ला से की थी जिसके बाद उनके मकान के फर्श की आंशिक मरम्मत करायी गयी। सोमपाल का आरोप है कि कंपनी ने मरम्मत कार्य को बीच में ही छोड दिया जिस कारण मकान के अन्य हिस्से जर्जर हो गए हैं।

# बवाना गैंग से मिली धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज

### लिसाढ निवासी पीडित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया केस

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी एलएलबी के छात्र को इंस्ट्राग्राम पर नीरज बवाना गैंग द्वारा दी गयी जान से मारने की धमकी के मामले में पीडित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी प्रिंस मलिक ने कोतवाली में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है कि वह शामली में रहकर एलएलबी की पढाई के साथ-साथ सरकारी जॉब की तैयारी भी कर रहा है। जनवरी माह के शुरू में उसकी इंस्ट्राग्राम आईडी पर खुद को नीरज बवाना गैंग का आदमी बताकर एक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी थी। इस घटना के लगभग 20 दिन बाद 8 फरवरी की रात 11 बजे उसे दोबारा एक इंस्ट्राग्राम आईडी से जान से मारने की धमकी दी गयी। धमकी देने वाले ने बताया कि दिल्ली से यह आईडी नीरज बवाना भाई ने भेजी है और तेरी हत्या करने की हमें सुपारी भी मिली हुई है। वह उसके शामली और गांव का पूरा पता भी जानता है और घर में घुसकर उसकी हत्या की जाएगी। पीडित ने अपनी जानमाल का खतरा जताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इंस्ट्राग्राम आईडी की जांच पडताल भी प्रारंभ कर दी है।

# कांधला-कैराना में बढ रहे हेपेटाइटिस बी व सी के मामले

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के प्रदेशाध्यक्ष चौ. राजेन्द्र सिंह पंवार ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को भेजे एक पत्र में कहा है कि शामली जनपद के कांधला व कैराना में हेपेटाइटिस बी व सी के मरीजों की संख्या लगातार बढती जा रही है। पिछले वर्ष इन क्षेत्रों में मरीजों की संख्या 550 थी जो अब बढकर 1130 हो गयी है। यह आंकडा न केवल चिंताजनक है बल्कि यह भी दशार्ता है कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिला अस्पताल में भी इस बीमारी के उपचार के लिए पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध नहीं है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री से जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस बी व सी की सभी दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने, बीमारी की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने,स्क्रीनिंग व उपचार के लिए शिविरों के आयोजन करने की मांग की।

# रोजगार की समस्या को ले दुगार्पुर के ग्रामीणों ने किया कोयला लिंक रोड को जाम, घंटों तक कोयला परिवहन रहा ठप, वातार्लाप की पहल



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ के स्थानीय लोगों को रोजगार लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, जबकि पाकुड़ की उदार से बेशकिमती कोयला- पत्थर निकालकर अन्यत्र कहीं ले जाया जा रहा है और बदले में तिनके के ढेर में सरकार को कुछ राजस्व वसूली के सेवा चौवन्नी बराबर भी सुविधाएं पाकुड़ वासियों को उपलब्ध नहीं है। लोग आज भी दो वक्त की रोटी के लिए पाकुड़ से बाहर अन्य शहर/ दक्षिण- पश्चिमी राज्यों के विभिन्न शहर में रोजी रोटी के लिए ट्रेन मार्ग से जाते हैं । साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था के लिए अन्य शहर - राज्य के मोहताज है। इसके अलावे उच्च व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए भी पाकुड़ से बाहर अन्य शहर को जाना पड़ता है। रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अबतक के केन्द्र/ राज्य सरकारें आज के आधुनिक वैश्विक दौर में भी बाहर से किसी औद्योगिक इकाई को क्षेत्र में स्थापित कराने में नाकाम रहे हैं। नतीजतन उल्लेखनीय अवयवों की आपूर्ति हेतु पाकुड़ वासियों को बाहर यानी अन्य राज्य/ शहर का मोहताज होना पड़ता है। बाहरेहाल जो भी हो पाकुड़ के स्थानीय लोगों ने रोजगार व्यवस्था मुहिया न कराने को ले मंगलवार को 11 फरवरी 2025 दुगार्पुर के ग्रामीणों के द्वारा कोयला रोड को जाम कर दिया गया। जिससे सैकड़ों कोयला लदे हाईवा/ वाहन की लम्बी लाइन लग गई। गुस्साए ग्रामीणों ने कोयला कम्पानी के सामने प्रदर्शन भी किया। काफी मुशकत के बाद प्रशासन ने वातार्लाप की पहल करते हुए जाम को हटा पाने में कामयाब हुए। साथ ही आगामी 15 फरवरी 2025 को बैठक के माध्यम से विषयगत अवयवों पर आवश्यक वातार्लाप करने हेतु सहमति जताई। वही वर्तमान जिले के उपायुक्त मनीष कुमार की एक्टिविटी/ कार्यशैली से पाकुड़ वासियों की निगाहें टिकी हुई है कि शायद उपायुक्त मनीष कुमार पाकुड़ की दिशा व दशा बदल ने में अहम भूमिका अदा करेंगे। जो आगे चलकर पाकुड़ की सार्वांगीण विकास में सहायक साबित होगा।

# महेशपुर विधायक हुए बाबा तिलका मांझी मेला में शामिल



**एनपीटी ब्यूरो**

महेशपुर विधानसभा विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी एवं जिला संयोजक मंडली सदस्य श्याम यादव, एसडीपीओ विजय कुमार सहित अन्य मुख्य अतिथि के रूप में बाबा तिलका मांझी मेला में शामिल हुए। मुख्य अतिथियों ने एकाएक बाबा तिलका मांझी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वही बतौर मुख्यातिथि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने मेला पहुंच कर मेला का शुभारम्भ किया। साथ ही मेला कमिटी को बधाई दिया। जानकारी के अनुसार महेशपुर प्रखण्ड अन्तर्गत गायबथान गांव में पिछले 20 वर्षो से वहां के आदिवासी बाबा तिलका मांझी का जन्मदिवस 11 फरवरी को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते है। इस मौके पर गायबथान मेला कमेटी की ओर से त्रिदिवसीय मेला का भी आयोजन किया गया। मेला समिति के अध्यक्ष होपना टुडू ने बताया कि इस वर्ष भी उनका जन्मदिन 11 फरवरी को मनाया जा रहा है। इस मौके पर झामुमो प्रखण्ड मंडली सदस्य पिंकू शेख, जिला परिषद सदस्य समसून मुर्मू, अनारुद्दीन मियां, रुहुल अमीन, सुनीराम मुर्मू, टीपू सुलतान अंसारी, रहमान अंसारी, जेम्स सुशील हेंब्रम, जोसेफिन हेंब्रम,अब्दुल वदूद थाना प्रभारी विकर्ण कुमार, मिल्टन शेख, नसीर शेख, सीटूल शेख, राजू अंसारी, ग्राम प्रधान समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# डीसी- एसपी समेत नाइलेट के कार्यकारी निदेशक ने किया कंप्यूटर ट्रेनिंग केन्द्र का उद्घाटन



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिला प्रशासन एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के संयुक्त पहल से जिला परिषद कार्यालय स्थित कम्प्यूटर सेन्टर में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। आज इस कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं नाइलेट के कार्यकारी निदेशक डॉ नितीन कुमार पुरी ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ किया गया।

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कंप्यूटर सेंटर खोलने से यहां की बच्चों को और खासकर बच्चियों की बहुत सुविधा होगी। सेन्टर के खुलने से बच्चों में कौशल विकास होगा और इससे रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। मौके पर डीआईओ रवि प्रकाश, जिला परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी रितेश कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य उपस्थित थे।

# जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम से सनाउल अंसारी, इमरान फजल व होपना मुर्मू अन्य ने ली झामुमो की सदस्यता



**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की चल रहे सदस्यता अभियान के तहत झामुमो के युवा नेत्री सह- पाकुड़ जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम ने सदस्यता अभियान चलाया। सदस्यता अभियान के दौरान जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम से सनाउल अंसारी, इमरान फजल, सेराजुल अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी, अताउल अंसारी, होपना मुर्मू, महेन्द्र हसदा, प्रकाश हेम्ब्रम, शमीम अंसारी समेत नसीम अंसारी ने झामुमो के युवा नेत्री सह- जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम से झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात सभी ने एक स्वर में कहा कि झामुमो की जो भी डायरेक्शन रहेगा अक्षरशः पालन करते हुए पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में निरन्तर प्रयास करेंगे।

# विधायक प्रतिनिधि ने लगाया जनता दरबार, लोगों की समस्याओं से हुए रूबरू, किया समाधान, दिलाया भरोसा




**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने प्रत्येक मंगलवार की तरह ही इस बार भी प्रखण्ड स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याओं को काफी गंभीरता पूर्वक सुना एवं ऑन द स्पॉट कुछ समस्या का निदान किया। साथ ही कई समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु संबन्धित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। बताते चले कि विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्ला खान लगातार कई वर्षों से क्षेत्र की जनता की समस्याएं हर मंगलवार को जनता दरबार लगाकर सुनते हैं, जिसमें ज्यादातर लोगों की समस्या जमीन विवाद, घरेलू मुद्दे या आवास योजना समेत अन्य को लेकर होती है, इन सारी समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि काफी गंभीर होकर सुनते हुए समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट अपने स्तर से तत्काल ही करते हैं और कई समस्याओं का समाधान जरुरत के मुताबिक सम्बन्धित पदाधिकारी को इसकी जानकारी देकर जल्द ही निपटारे का आग्रह करते है। वही बरकत खान ने बताया कि पाकुड़ विधानसभा की विधायक निशात आलम का भी सख्त निर्देश है कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में आते है, उनके समस्या का निस्वार्थ भाव से समाधान किया जाय। इसी क्रम में प्रत्येक मंगलवार को विधायक कक्ष में हमलोग जनता की समस्याओं से रूबरू होते है। वही मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडू एवं सैकड़ों की संख्या में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग जगहों से आये हुए ग्रामीण मौजूद थे।

# भाजपा इकाई ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ ( झा०खं० ), भाजपा पाकुड़ इकाई ने भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय की नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57 वीं पुण्यतिथि पर भाजपा पाकुड़ के कार्यकताओं ने रानी दिग्घी पटाल तांतीपाड़ा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, महामंत्री रूपेश भगत, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शबरी पाल, बासु मंडल, विक्टर तिवारी, रतन भगत व पार्थ रक्षित सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। माल्यार्पण के उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी एकात्मक मानव दर्शन तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में कोटि कोटि नमन है।भारतीय जनसंघ के सह- संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रखर / प्रचड राष्ट्रवादी चिंतक उत्कृष्ट संगठनकर्ता एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति और समाज को नहीं दिशा प्रदान किया। उन्होंने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया जो भारतीय संस्कृति और मूल सिद्धांत पर आधारित है।एकात्मक मानववाद के अनुसार मनुष्य प्रकृति और ईश्वर एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और सभी का कल्याण होना चाहिए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों ने भारतीय राजनीति और समाज को बहुत प्रभावित किया उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक माना जाता है।

# झामुमो की सदस्यता अभियान के तहत पंचायत जमशेरपुर में चलाया गया सदस्यता अभियान



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झामुमो की पाकुड़ प्रखण्ड संयोजक मण्डली की बैठक में जमशेरपुर, रामचंद्रपुर, मदनमोहनपुर, मानकापारा पंचायत के कार्यकर्ता उपस्थित हुए और सभी पंचायत के कार्यकताओं को संयोजक मण्डली के सदस्य हबीबुर्रहमान एवं मुस्लेउद्दीन शेख ने निर्देशित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्यों बनाने का निर्देश दिया। ताकि झामुमो की सदस्यता टारगेट पूरा हो सके एवं हेमन्त सोरेन का हाथ पहले से ज्यादा मजबूत हो सके। बैठक में एक जुट हो कर सशक्त पंचायत कमेटी बनाने का दिशा निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रखण्ड सचिव राजेश सरकार, पूर्व अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष मुसर्रफ हुसैन, वसीर शेख, चन्दन भण्डारी, रोजिबुल शेख, बक्कर शेख, अब्दुल मलेक, जाकिर हुसैन, नबो सरकार, अल्फाज शेख, इब्राहिम शेख, कौसर शेख, मोफी शेख सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वार्षिक माध्यमिक परीक्षा- 2025 व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के निमित्त परीक्षा का हुआ शुभारम्भ

एनपीटी ब्यूरो, झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल, रांची की ओर से आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का शुभारम्भ निर्धारित समय अवधि में ही शुरू हुई। पाकुड़ के सभी निर्धारित केन्द्र में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के निमित्त पाकुड़ में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के निर्धारित केन्द्र में करीब 1445 परीक्षार्थियों में से 1439 परीक्षार्थियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। जबकि 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के निमित्त करीब 1390 परीक्षार्थियों में से 1379 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केन्द्रों में शान्तिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न हुई। वही उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने परीक्षा केन्द्र का जायज लिया। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने परीक्षा केन्द्र में व्यवस्थित सभी अवयवों समेत परीक्षा की हर पहलुओं पर बारीकी से निरीक्षण भी किया।

# रोजगार मेला में 246 अभ्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट एवं 194 अभ्यर्थी का किया गया चयन

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय सह- मांडल कैरियर सेन्टर पाकुड़ द्वारा बाजार समिति में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें आठवीं से ग्रेजुएट पास युवक-युवतियों ने भाग लिया। रोजगार मेला में 20 नियोजकों ने भाग लिया। साथ ही 246 अभ्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट एवं करीब 194 उम्मीदवारों का चयन किया गया। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार शमिल हुए। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि हम सब अपने माता-पिता का एक सहारा बनने के लिए पढ़ाई करते हैं। हमारी कोशिश और इच्छा रहती है कि हम औरों के लिए कुछ विशेष कर पाये। समाज और परिवार के लिए कुछ कर पाये। उसके लिए हम सभी को अपने पैरों पर खड़े होना हम सब की सबसे पहली प्राथमिकता होती है। उन्होंने रोजगार मेले में आये बेरोजगार युवक/युवतियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि कोई भी रोजगार अपने लिए नहीं करते बल्कि आप अपने माता-पिता, भाई-बंधु, घर परिवार के लिए करते हैं। कोई भी जॉब छोटा या बड़ा की श्रेणी में हमें नहीं आंकना चाहिए। पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज नियोजनालय, पाकुड़ के सौजन्य से रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके अभिरुचि एवं शैक्षणिक योग्यता के अनुसार नौकरी प्रदान करना है। आप सभी अपनी अभिरुचि एवं योग्यता के अनुसार स्टॉल में जाएं और नौकरी हेतु आवेदन करे।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर ऑनलाइन पहचान सुरक्षित रखने सहित

# अनजाने लिंक व कॉल से बचने की दी सलाह

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। आयोजित कार्यशाला में इंटरनेट का उपयोग, साइबर क्राइम से बचने के तरीके, साइबर क्राइम के विरूद्ध कानूनी प्रक्रिया आदि को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का ने कायार्शाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है। परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। शॉर्टकट से पैसे कमाने और विभिन्न तरह के लालच में पड़कर लोगों की गाढ़ी कमाई मिनटों में चली जाती है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नये- नये तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं, जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। उन्होने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजेक्शन करने, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने, बिना जाने समझे अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं किए जाने, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव नहीं करने एवं स्वयं जागरूक होकर अपने परिवार को भी जागरूक करने पर बल दिया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसके डोमेन की जांच करना बेहद जरूरी है। फर्जी साइटों से बचने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच - पड़ताल कर लेनी चाहिए। कार्यशाला में इंटरनेट का उपयोग करते समय अन्य महत्वपूर्ण सावधानियाँ बरतने की अपील की गई। साइबर फ्रॉड होने पर 1930 नंबर पर कॉल करने तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराने और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराने की बात बताई गई। अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्ऱॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई।

# कार्यशाला में जेम पोर्टल से खरीदारी की विधि और तकनीकी की साझा

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), बीते मंगलवार 11 फरवरी 2025 को समाहरणालय स्थित सभागार में जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्रियों एवं सेवाओं की शत- प्रतिशत अधिप्राप्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लेखा लिपिक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने कहा कि आप सभी अवगत हैं कि सरकारी क्रय, निविदा एवं सेवाएं गवर्नमेंट ई- मार्केट प्लेस पोर्टल के माध्यम से करने हेतु विभागीय स्तर से निदेशित है। जिला अन्तर्गत सरकारी कार्यालयों में जेम पोर्टल में यूजर आईडी क्रिएशन, यूजर प्रोफाइल अपडेशन, प्रोक्योरमेंट, टेंडर कंसाइनमेंट, पेमेंट अपडेशन आदि कार्यों में कठिनाई को देखते हुए जेम क्लस्टर अकाउंटों मैनेजर, रांची के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के प्राप्त अनुरोध पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आप लोग गंभीरता से प्रशिकण को प्राप्त करे, ताकि बाद में तकनीकी समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्रशिक्षण के दौरान डीआईओ रवि प्रकाश ने जेम पोर्टल से खरीदारी से सम्बन्धित झारखण्ड सरकार के प्रावधानों से सभी को परिचित कराते हुए कहा कि जेम एक ऐसा मार्केट प्लेस है, जहां से कोई सरकारी संस्थान आवश्यकता की सामग्रियों एवं सेवाओं की खरीदारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल को पहले की तुलना में अधिक यूजर फ्रेंडली बनाया गया है, वही जेम पोर्टल के व्यावहारिक पहलुओं, तथा जेम पोर्टल से खरीदारी करने की विधि और इसके तकनीकी पहलुओं से सभी को परिचित कराया।




# कयासबाजी के बीच जेपी नड्डा से मिले नवनिर्वाचित विधायक, 10 में से चुना जाएगा मुख्यमंत्री!

नई दिल्ली । दिल्ली चुनाव में जीत के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। ऐसे में जेपी नड्डा से मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। उधर, उपराज्यपाल वीके सक्सेना से भी कई नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने मुलाकात की है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है। जिसके बाद पार्टी के 10 नवनिर्वाचित विधायकों ने मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मंगलवार को पार्टी के 10 नवनिर्वाचित विधायकों की मुलाकात हुई। इसमें वैसे भी विधायक शामिल रहे जिनके नाम मुख्यमंत्री पद का संभावित दावेदार बताया जा रहा है।



हालांकि भाजपा के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह एक औपचारिक मुलाकात थी।

**कौन-कौन रहा शामिल?**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करने वालों में भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता, अरविंदर सिंह लवली, अजय महावर, सतीश उपाध्याय, शिखा राय, अनिल शर्मा, डॉ. अनिल गोयल, कपिल मिश्रा और कुलवंत राणा शामिल रहे।

**उपराज्पाल ने भी की मुलाकात**

दिल्ली चुनाव में जीत के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। ऐसे में जेपी नड्डा से मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। उधर, उपराज्यपाल वीके सक्सेना से भी कई नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने मुलाकात की है। इसमें प्रवेश वर्मा, कैलाश गहलोत, अरविंदर सिंह लवली, विजेंद्र गुप्ता समेत कई विधायक शामिल है। पिछले दिनों जेपी नड्डा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा इस दौरान हुई। भाजपा सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से आने के बाद होगी।

# दिल्ली में भाजपा महिलाओं को कब से देगी 2500 और किसको मिलेगा ये लाभ

नई दिल्ली । दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में वापसी हो रही है। अब दिल्ली में रहने वाली महिलाओं के मन में बहुत से सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं।

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में वापसी हो रही है। अब दिल्ली में रहने वाली महिलाओं के मन में बहुत से सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अगर उनकी पार्टी चुनाव में जीत कर सरकार बनती है तो महिलाओं को 2100 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने रोहिणी में हुई चुनाव रैली में कहा था कि मार्च में महिला दिवस से महिलाओं को पैसे मिलने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

भाजपा ने दिल्ली चुनाव के पहले अपने मेनिफेस्टो में सरकार बनने पर ढाई हजार रुपये देने का एलान किया था। अब दिल्ली की महिलाओं को इंतजार है कि कब उन्हें हर महीने ढाई हजार रुपये मिलेंगे। जहां आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की महिलाओं के लिए हर महीने एक हजार रुपये के आर्थिक फायदे वाली मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना शुरू की थी और चुनाव में जीत हासिल होने के बाद इस योजना में मिलने वाले लाभ को हजार रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये करने का एलान किया।

वही, भाजपा ने भी सरकार बनने के बाद दिल्ली की महिलाओं के लिए हर महीने ढाई हजार रुपये देने वाली स्कीम शुरू करने का एलान किया था। अब जब दिल्ली में भाजपा को बहुमत मिल चुका है और सरकार बनाने की तैयारी है। ऐसे में दिल्ली की महिलाओं के मन में सवाल आ रहा है कि उन्हें कब से ढाई हजार रुपये मिलना शुरू होंगे। माना जा रहा है कि मार्च में इस योजना को शुरू किया जा सकता है। क्योंकि दिल्ली चुनाव में रैली के दौरान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया था कि 8 मार्च यानी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस से महिलाओं को ढाई हजार रुपये मिलने शुरू हो जाएंगे। यानी इस आधार पर कह सकते हैं कि मार्च में योजना के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

**किन महिलाओं को मिलेगा**

भाजपा की जीत के बाद अब दिल्ली की महिलाओं के मन में एक सवाल यह भी है कि किन महिलाओं को नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा, क्योंकि बता दें आतिशी मालेर्ना सरकार ने इस योजना में लाभ लेने के लिए कुछ पात्रताएं तय की थीं, उन्हीं के आधार पर महिलाओं को लाभ दिया जाता था। भाजपा सरकार इस योजना के लिए क्या नियम और पात्रताएं तय करती है, फिलहाल इस बारे में पूरी जानकारी नहीं आई है। लेकिन फिर भी कयास लगाया जा रहा है कि इस योजना का लाभ निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को ही होगा।

# दिल्ली में आपके पास कितने विधायक? भगवंत मान ने कांग्रेस पर किया पलटवार

दिल्ली । कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाल में दावा किया था कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 30 से अधिक विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं और पाला बदल सकते हैं।
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई में दरार के दावों पर कटाक्ष किया और पूछा कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के कितने विधायक हैं। उन्होंने पंजाब में कानून-व्यवस्था की आलोचना के लिए भी बाजवा की आलोचना की और कहा कि स्थिति अधिकांश राज्यों से बेहतर है। मान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं प्रताप सिंह बाजवा से पूछूंगा कि दिल्ली में उनके कितने विधायक हैं।

मान ने कहा कि पाला बदलना कांग्रेस की संस्कृति है; वे दूसरों के बारे में बात करते हैं लेकिन अपनी चिंता नहीं करते। इसके साथ ही मान ने कहा कि पंजाब की कानून-व्यवस्था ज्यादातर राज्यों से बेहतर है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण हमें अतिरिक्त प्रयास करने होंगे और हम वह कर रहे हैं। कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाल में दावा किया था कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 30 से अधिक विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं और पाला बदल सकते हैं।

बाजवा ने कहा था कि इन विधायकों को एहसास हो गया है कि आप के साथ रहना लंबे समय में राजनीतिक रूप से फायदेमंद नहीं हो सकता। कांग्रेस नेता के दावों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा, बाजवा यह बात कहते रहे हैं। उन्हें हमारे विधायकों की गिनती नहीं करनी चाहिए बल्कि यह देखना चाहिए कि दिल्ली में कांग्रेस के कितने विधायक हैं। मान ने कहा कि आप नेता बिना किसी लालच के समर्पित नेता हैं। मुख्यमंत्री मान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के कपूरथला हाउस में पंजाब के मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक किए जाने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। यह बैठक दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार के बाद हुई, जिससे इसकी पंजाब इकाई में अस्थिरता की अटकलें तेज हो गईं।

कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाल में दावा किया था कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 30 से अधिक विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं और पाला बदल सकते हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई में दरार के दावों पर कटाक्ष किया और पूछा कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के कितने विधायक हैं। उन्होंने पंजाब में कानून-व्यवस्था की आलोचना के लिए भी बाजवा की आलोचना की और कहा कि स्थिति अधिकांश राज्यों से बेहतर है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज गाजियाबाद के कंजर्वेटिव डेन्टिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा दिनांक 10 व11 फरवरी को एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थी शामिल रहे। यह कोर्स एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करना रहा।

इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ मोहन कुमार आरएस, प्रोफेसर प्रियदर्शिनी डेंटल कॉलेज चेन्नई, सचिव एस्थेटिक्स डेन्टिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया, आईएसीडीई के मानद महासचिव और डॉ शिशिर सिंह, एडिटर एंड चीफ, जनरल ऑफ कंजर्वेटिव डेन्टिस्ट्री, डीन प्रोफेसर और एचओडी, कंजर्वेटिव डेन्टिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग, टेरना डेंटल कॉलेज, नवी मुंबई रहे। इनके पास एस्थेटिक्स डेन्टिस्ट्री के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान है और वह नियमित रूप से इस तरह के पाठ्यक्रम संचालित कर रहें है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा प्रतिभागियों को एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री के सिद्धांतों और प्रथाओं में प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया गया। प्रतिभागियों को बायोमेट्रिक सिद्धांतों, इनले, ओनले और फोटोग्राफी पर व्याख्यान तथा डेमोंस्ट्रेशन और हैंड्स-ऑन किया गया। विभिन्न व्याख्यान, इंटरैक्टिव सत्र, प्रदर्शन और व्यावहारिक अभ्यास के संयोजन के माध्यम से गहन ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। व्याख्यान में मुख्य रूप से बायोमीमेटिक सिद्धांत, अप्रत्यक्ष समग्र, अप्रत्यक्ष बहाली का सीमेंटेशन और फोटोग्राफी शामिल रहे। पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के कौशल और ज्ञान को उन्नत करना तथा उन्हें एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञता के साथ सशक्त बनाना रहा। दोनों वक्ताओं ने बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों के लिये इस तरह के ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिये संस्थान को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री उपचार के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।



## PUBLIC NOTICE

It is Publicly informed that Mr. Shaktivesh Mavi S/o Mr. Jaggi @ Jagdish is the owner of Residential Vacant Plot of Land area 202.22 Sq. Yds., out of Khasra no. 108, Situated at Village Achher (Balla Ki Mandiya) Pargana Dankur, Tehsil & Distt- Gautam Buddha Nagar U.P. we confirmed that in the subject property no prior title executed between revenue record & Regd. Gift Deed Original Regd. Gift Deed dated 02.11.2023 executed by Mrs. Barfi W/o Mr. Jaggi @ Jagdish in favour of Mr. Shaktivesh Mavi S/o Mr. Jaggi @ Jagdish in respect of the said property., Duly Registered as Doc. No. 28816, Book No. 01, Volume No. 43705 Page No. 185-198 on dated 02.11.2023-SRO-Greater Noida, also we will be confirmed that I have clear interest in the subject property also no such legal dispute, if any legal issue found than I am responsible for that and closed the loan taken by the AUSF Bank Ltd. immediately effect.

**Advocate Name.puspender**
**Contact no.....9958046535,**








'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक) 8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक) 8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।